दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 335 | सीकर, रविवार 01 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा उपमुख्यमंत्री बनीं

## महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम



**मुंबई/बारामती।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे।

इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया।

सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास/औकाफ विभाग दिए गए हैं। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।

शपथ के बाद उन्होंने ट्वीटर पर लिखा– इस मुश्किल समय में महाराष्ट्र के लोगों का प्यार और सपोर्ट ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके भरोसे के साथ, मैं दादा के आदर्शों को जिंदा रखते हुए नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ूंगी।

# दो हजार की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बांसवाड़ा टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी छोटी सरवा, थाना पाटन जिला बांसवाड़ा में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह और कांस्टेबल जयपाल सिंह को दो हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके परिचित का अन्य लोगों से विवाद हुआ था, जिसमें परिवादी के निजी वाहन को नुकसान पहुंचाया गया। क्षतिग्रस्त वाहन पुलिस थाना पाटन में जब्त था। परिचित की रिपोर्ट पर थाना पाटन में एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच पुलिस चौकी छोटी सरवा में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह को सौंपी गई थी। आरोप है कि हेड कांस्टेबल द्वारा परिवादी को वाहन क्षति की उचित राशि दिलाने तथा वाहन सुपुर्दगी की फाइल तैयार करने के एवज में अपने मुंशी कांस्टेबल जयपाल सिंह के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के लिए 30 जनवरी 2026 को एसीबी द्वारा रिश्वत मांग का सत्यापन कराया गया। जिसमें हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह द्वारा कांस्टेबल जयपाल सिंह के लिए रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। सत्यापन के दौरान कांस्टेबल जयपाल सिंह ने भी रिश्वत लेने पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद एसीबी बांसवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल जयपाल सिंह को परिवादी से दो हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ लिया गया। मौके पर हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह भी मौजूद थे। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर पूछताछ के बाद हेड कांस्टेबल को भी डिटेन कर लिया गया। एसीबी की टीम दोनों आरोपियों के अन्य ठिकानों की तलाशी भी ले रही है। प्रकरण की जांच जारी है।

# इतिहास : निर्मला सीतारमण का 9वां केंद्रीय बजट आज

नवयत्न

**नई दिल्ली।** देश में आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में केंद्रीय बजट 2026–27 पेश करेंगी। यह उनका लगातार 9वां केंद्रीय बजट होगा, जिसके साथ ही वे भारत की सबसे अधिक लगातार बजट पेश करने वाली वित्त मंत्री बन चुकी हैं। यह बजट ऐसे समय में आ रहा है जब देश की अर्थव्यवस्था स्थिर विकास की राह पर है और सरकार का फोकस विकास, रोजगार, किसान, मध्यम वर्ग और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित है। विशेषज्ञों और आम जनता की निगाहें इस बजट पर टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, एमएसएमई सेक्टर, स्टार्टअप्स, किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और टैक्स सुधार को लेकर अहम घोषणाएं हो सकती हैं, जिससे आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।




## मील का पत्थर साबित होगा बजट : लोकेश



झुंझुनू के चार्टर्ड अकाउंटेंट लोकेश अग्रवाल ने बजट को लेकर अपनी राय साझा करते हुए कहा केंद्रीय बजट 2026–27 विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की नींव का पत्थर साबित होगा। यह बजट दीर्घकालिक आर्थिक विकास, आत्मनिर्भर भारत और मजबूत आधारभूत संरचना के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बनेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि बजट में राजकोषीय संतुलन बनाए रखते हुए विकास पर जोर रहेगा। टैक्स स्ट्रक्चर, महंगाई नियंत्रण, निवेश बढ़ाने और सामाजिक कल्याण योजनाओं को लेकर जनता और बाजार की उम्मीदें इस बजट से जुड़ी हुई हैं। अब देखना यह होगा कि यह बजट आम आदमी, युवा, किसान और कारोबारी वर्ग की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है।

# स्पर्श संवेदनशीलता एवं मानवता की एक मुहिम है, हर बच्चा रहे सुरक्षित : जैन




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के नए प्रभारी सचिव वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन ने अपने प्रशासनिक दायित्व की शुरुआत जिले में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में स्पर्श सुरक्षित बचपन के लिए एक अभिनव पहल के माध्यम से बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में संवाद कर की। कार्यक्रम में सीईओ जिला परिषद कैलाश यादव, प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन जी एल कालेर, डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया, डाइट वाईस प्रिंसिपल दीपेंद्र बुडानिया, प्रिंस स्कूल के डायरेक्टर निर्मल कालेर, शिक्षाविद् प्रमेन्द्र कुल्हार, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग पवन पूनिया, एडीईओ राजेश हलवान, एसीबीओ संजय झाझड़िया, रतिराम धीवा, सावित्री कालेर, लक्ष्मी कालेर, अजय बिंदल, सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे। आईएएस नवीन जैन द्वारा अगस्त 2019 में एक छोटे से प्रयास से बच्चों को जागरूक करने की शुरू की गई स्पर्श मुहिम वर्तमान समय में सामाजिक बदलाव की क्रांति बन चुकी हैं। इस मुहिम को लेकर आईएएस नवीन जैन सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को एक दिन सैटर्डे फॉर सोसायटी के नाम करते लगातार बच्चों को अच्छे एवं बुरे स्पर्श के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस मुहिम के माध्यम से राजस्थान के अलग–अलग जिलों, दूर–दराज के क्षेत्रों में पहुँच कर जैन बच्चों को अवेयर करने में जुटे हैं। आज आलम यह है कि लाखों की तादाद में बच्चे स्पर्श मुहिम से जुड़ चुके हैं और गुड टच, बेड टच के विचार और उसकी व्यवहारिकता को समझने लगे हैं। अब प्रदेश के लाखों बच्चे गुड टच, बेड टच सेंस को जानते, समझते और पहचानते हैं। स्पर्श मुहिम के माध्यम से जैन ने अब तक प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल सहित 7011 संस्थाओं में 9078 सेशन के माध्यम से 20 लाख के विद्यार्थियों को जागरूक कर चूकें है। जैन के एजुकेशन सेक्रेट्री रहते समय 26 अगस्त 2023 में गुड टच बैड टच के जागरूक अभियान द्वारा एक दिन में 65162 राजकीय विद्यालयों में 1.01 लाख सेशन में माध्यम से 58.45 लाख विद्यार्थियों और 3.45 लाख शिक्षकों एवं 1.25 लाख अतिथियों अभिभावकों को जागरूक करते हुए गिनीज बुक वर्ल्ड में रिकॉर्ड दर्ज करवाया ।

## इनका कहना है

हमारे प्रेरणास्त्रोत आईएएस नवीन जैन की पहल स्पर्श सामाजिक बदलाव के क्षेत्र में एक क्रांति का रूप ले चुकी है । यह एक मानवता और संवेदनशीलता से जुड़ी हुई पहल हैं। इस अभिनव पहल के द्वारा बच्चों में जागरूकता लाकर उनके सुरक्षित बचपन एवं सुनहरे भविष्य को गढ़ा जा रहा हैं। हम सब भी वॉलियंटर के रूप में कार्य करते हुए इस पहल को प्रत्येक विद्यार्थी, अभिभावक एवं विद्यालय तक लेकर जायेंगे।

**प्रमेन्द्र कुल्हार, स्पर्श वॉलियंटर एवं शिक्षाविद्**

स्पर्श अभियान वैश्विक स्तर पर पहुँच चुका है। इस अभियान से छोटे बच्चे गुड टच और बेड टच के बारे में समझने लगे हैं। इस प्रोग्राम से बच्चों अपनी सुरक्षा के भाव को समझा है। इससे ना केवल बच्चे सुरक्षित महसूस कर रहे हैं बल्कि उनमें अच्छे–बुरे का फर्क भी समझने लगे है।

**गुलझारी कालेर, चेयरमैन प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनू**

इस मुहिम से बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता आ रही है। बच्चे भयमुक्त वातावरण में अध्ययन करते हुए अपने भविष्य का निर्माण कर रहे है । जागरूकता आने से बच्चे अपनी बात खुल कर अपने परिजनों, शिक्षकों के सामने रख रहे है।

**दीपेंद्र बुडानिया, शिक्षाविद्**

गुड टच–बेड टच के बारे में बच्चों को जागरूक करने की पहल स्पर्श एक बहुत संवेदनशीलता का कार्य है, इस पहल को हम सबको भी मिलकर आगे तक बढ़ाना चाहिए। प्रत्येक माता–पिता की चिंता को दूर करने वाली इस स्पर्श मुहिम के फाउंडर नवीन जैन और सभी जुड़े हुए वॉलियटर को हृदय से सैलूट करता हूँ।

**निर्मल कालेर, डायरेक्टर प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल झुंझुनू**

वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन का मानना हैं की प्रत्येक व्यक्ति को एक मुहिम को चाहे वो पर्यावरण सरक्षण से संबंधित हो, बेटियों को पढ़ने, बेटियों को बचाने से, बच्चों में संस्कार डवलपमेंट की हो लेकर कार्य किया जाए तो आपकी सकारात्मक मुहिम एक समय के बाद क्रांति बन समाज में बदलाव लाने लग जाती हैं। स्पर्श मुहिम से आज छोटे–छोटे बच्चे जो गुड टच या बेड टच क्या होता है समझते तक नहीं थे, अब अपने अधिकारों से वाकिफ हैं। छेड़छाड़ या बेड टच पर गलत का विरोध करना जानते हैं। ऐसे लाखों बच्चे हैं, जिन्होंने हमारे प्रोग्राम्स के जरिए अपनी सुरक्षा के भाव और व्यवहारिकता को समझा है। हमारी कोशिश रहेगी कि भविष्य में हर बच्चे तक किसी ने किसी माध्यम से पहुंचा जाए और उसे अवेयर किया जाए कि गुड टच बैड टच क्या होता है। इससे न केवल बच्चे सुरक्षित महसूस कर रहे हैं बल्कि अच्छे बुरे में फर्क भी समझने लगे हैं।

**नवीन जैन, वरिष्ठ आईएएस, प्रभारी सचिव झुंझुनू**

# घांघू के कुमार अजय को सुरजाराम जालीवाला राजस्थानी सृजन सम्मान

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** रिंकी टेलर और संजीवणी जैसी चर्चित राजस्थानी किताबों के रचयिता युवा लेखक कुमार अजय को सृजन सेवा संस्थान, श्रीगंगानगर की ओर से सुरजाराम जालीवाला राजस्थानी सृजन सम्मान प्रदान किया जाएगा। शुक्रवार शाम संस्थान की ओर से अपने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की गई। संस्थान के अध्यक्ष अरूण शहैरिया ताइर और कृष्ण कुमार आशु के मुताबिक कुमार अजय को उनके राजस्थानी सृजन के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। संस्थान की ओर से प्रख्यात विचारक–आलोचक डॉ पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रख्यात कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ, कैलाश मनहर, डॉ मदन सैनी, कथादेश के संपादक डॉ हरिनारायण, पवन पहाड़िया, मोनिका गौड़ आदि को भी पुरस्कृत–सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि चूरू जिले के गांव घांघू में 24 जुलाई 1982 को जन्मे कुमार अजय राजस्थानी और हिंदी के चर्चित लेखक है। राजस्थानी में उनके कविता संग्रह संजीवणी, ऊभौ हूं अजै, रिंकी टेलर काफी चर्चित रहे हैं, वहीं हिंदी में कविता संग्रह कहना ही है तो कहो एवं डायरी पुस्तक मैं चाहूं तो मुस्करा सकता हूं और आत्माओं में घुले दु:ख उनकी उल्लेखनीय पुस्तकें हैं। इसके अलावा संपादन और अनुवाद के क्षेत्र में भी उन्होंने महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। इससे पूर्व कुमार अजय साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2013, श्रीमती बसंती देवी धानुका युवा साहित्यकार पुरस्कार, ग्राम गदर पत्रकारिता पुरस्कार 2006, कुलिश स्मृति: कलम से स्वराज पत्रकारिता पुरस्कार 2007, मायड़ रत्न अलंकरण सहित अनेक पुरस्कार–सम्मान से समादृत हो चुके हैं। कुमार अजय वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उप निदेशक पद पर कार्यरत हैं। कुमार अजय को यह सम्मान दिए जाने की घोषणा पर अंचल के लेखकों–साहित्यप्रेमियों, पत्रकारों, जनसम्पर्ककर्मियों और उनके शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# पंजाब के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा पीएम मोदी करेंगे अहम उद्घाटन

नई दिल्ली।

संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे। इस दौरान वे दोपहर करीब 3:45 बजे आदमपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां एयरपोर्ट का नया नाम 'श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट, आदमपुर' अनावरण करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री लुधियाना स्थित हलवारा एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी करेंगे।

## संत गुरु रविदास जी को सम्मान

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण उस महान संत और समाज सुधारक के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं आज भी भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करती हैं।

## पंजाब को मिलेगा नया एविएशन गेटवे

पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हलवारा एयरपोर्ट पर जिस नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया जाएगा, वह पंजाब के लिए एक नया एविएशन गेटवे साबित होगा।

# भाजपा नेता बबलू चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का किया स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा नेता निषित कुमार (बबलू चौधरी) के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ का पुरा की ढाणी स्थित टोल प्लाजा पर अभिनंदन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों और अनेक कार्यकर्ताओं के साथ माला पहनाकर वीर धरा झुंझुनू पर उनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। बबलू चौधरी ने बड़ी संख्या में पधारे हुए कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतीश गजराज, मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रवक्ता कमलकांत शर्मा, चनाना सरपंच चरण सिंह, आबुसर सरपंच रोहिताश्व, देरवाला सरपंच राकेश मोटसरा, उदावास सरपंच महावीर सिहाग, पूर्व सरपंच पातुसरी अजय कुमार, पूर्व सरपंच गोवला महिपाल, पूर्व सरपंच केहरपुरा कलां प्रदीप, पंचायत समिति सदस्य पातुसरी रामसिंह, भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति सदस्य सुनील बुरड़क, पूर्व उपसभापति प्रतिनिधि राजू मारीगसर, सतपाल भैड़ा, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष झुंझुनू राकेश सहल, पूर्व नेता




प्रतिपक्ष नगर पालिका झुंझुनू बुधराम सैनी, पूर्व पार्षद शंभू लाल नेहरा, कुलदीप सिंह कालीपहाड़ी, महेंद्र गुर्जर चारणवास, चंदगीराम सैनी बगड़, विजय डारा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निवाई में सीएम बोले-पंजा ने ही देश को गंजा किया

## युवाओं से कहा-हम नौकरी भी देंगे और नौकरी देना भी सिखाएंगे





**निवाई।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगी। अब तक पेपर लीक मामलों में 425 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। हम नौकरी भी देंगे और नौकरी देना भी सिखाएंगे। साथ ही सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इस पंजे ने ही देश को गंजा किया है। सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार दोपहर 2 बजे निवाई पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम उत्थान शिविर में हिस्सा लिया।

## कांग्रेस पर कसा तंज

इस दौरान मंच पर लोगों को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने लोगों ने हाथ उठाकर अभिवादन करने को कहा। इस पर जब लोगों ने हाथ खोलकर उपर उठाए तो उन्होंने कहा कि 'ये पंजा मत दिखाइए। इसी पंजे ने देश को गंजा किया है।'

## कोबरी-सार



## भागवत कथा का समापन



निसं

**मुकुन्दगढ़ (नवयत्न)।** लक्ष्मणगढ रोड स्थित श्री संकट मोचन बालाजी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा का समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा मे व्यास पीठ से कथा व्यास मदन लाल शर्मा ने कथा मे सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष की कथा के बाद व्यास पूजन किया गया। कथा व्यास ने प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्री कृष्ण ने 16 हजार 108 विवाह किये भगवान स्वयं भी गृहस्थ आश्रम आये। पति पत्नी को भी भगवान का भजन करना चाहिए। भगवान ने भीम के द्वारा जरासन्द का बध किया। सुदामा भगवान के अनन्य भक्त सुदामा के उपर कृपा कि। विधाता का लेख भगवान कृपा करें तो बदल सकता है जीव व ब्रह्भ का मिलन ही कृष्ण सुदामा मिलन है। कथा व्यास ने बताया कि कलयुग में राम का नाम ही आधार है नाम जप से बड़ा कोई तप नही। दत्रात्र्ये जी ने 24 गुरु बनाये थे मनुष्य के जीवन मे भी गुरु होना आवश्यक है । श्री मद भागवद कथा के श्रवण से व कीर्तन से हमारे समस्त पाप व क्लेश दूर होते हैं। श्रीमद भागवत कथा हमे जीने की कला सिखाती है व मृत्यु को सुधारती है समस्त पापों का उन्मूलन करती है व जीवन में श्रीमद भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए। श्रीमद भागवत कथा का फल नाम जप ही फल है। जिस नाम में हमारी श्रद्धा हो वही नाम अवश्य करें। यज्ञ हुआ जिसमें आहुति दी गई। आरती कर भोग लगाकर भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं में प्रसादी गृहण की । इस अवसर पर रामावतार पोरवाल, सुशील जोशी, गोविन्द जांगिड़, राजेंद्र पोरवाल, हरलाल डोटासरा सुखराम झाझडिया, जगदीश कुमावत, विद्याधर डोटासरा, महेन्द्र दादरवाल, रमेश खत्री, अंकित शर्मा, पुरण मल खीचड़, विशंभर गोयल, दिनेश जांगिड़, राजेश कुमावत, बबीता जांगिड़, मंजु जांगिड़, कमला डोटासरा, बिमला डोटासरा, मुन्नी जांगिड़, टीमु जांगिड़ सहित बड़ी संख्या मे गणमान्यजन मौजूद रहे।

## श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** बुचावास गांव में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा, हवन के पश्चात वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दुर्गाराम मोटियार, अमरचन्द मोटियार, बृजलाल मोटियार, सीताराम मोटियार, हड़मान मोटियार, रामेश्वर लाल मोटियार, लादूराम जाला, गोपीराम भदरेचा, सुगनाराम मोटियार, सांवताराम जाला, संतलाल भदरेचा, लुणाराम मोटियार, सोहनराम भदरेचा, ईश्वर राम मोटियार, धर्मपाल बरवाडिया, रामनारायण जाला, रुकमानन्द मोटियार, केसराराम जाला, प्रदीपकुमार बरड़वा, महावीर प्रजापत, तारुराम बरवाड़िया, रामकिशन मोटियार मांगीलाल मोटियार, सादुलाराम मोटियार, शिवरतन मोटियार, शिवकरण मोटियार, जगदीश जाला, मास्टर मनीराम मोटियार आदि समाज के वरिष्ठजन, कारीगर बंधु एवं युवा उपस्थित थे।

## महला का शहादत दिवस मनाया



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** डूमरा में शहीद सूबेदार मोहन लाल महला का 27 वा शहादत दिवस मनाया गया। खाशोली धाम के महंत नवरत्न गिरी महाराज का सानिध्य रहा। शहीद मोहनलाल महला की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व सैनिक परिषद झुंझुनू की और से रामनिवास डूडी व कैप्टन रामलाल साखनिया के नेतृत्व में वीरांगना रामप्यारी देवी का सम्मान किया गया। शहीद सूबेदार मोहन लाल 31 जनवरी 1999 को कारगिल सेक्टर में शहीद हुए थे। स्मारक स्थल पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ जिसमें शहीद पुत्र डॉ. जितेंद्र चौधरी, पुत्री डॉ. सुभीता, डॉ. सुमन महला, डॉ. विनोद, डॉ. सतवीर चाहर, डॉ. नवीन, डॉ. हरिओम, डॉ. विवेक ने सेवाएं दी । शिविर में 450 मरीजो को नि:शुल्क चश्मा एंड दवा वितरण की गई। डुमरा गांव के सभी राजकीय विद्यालय के छात्रों को स्कूल बैग वितरण किया गए। इस अवसर पर निर्मला देवी, संगीता, सुलोचना, मदन लाल, पोकर मल, हरलाल सिंह, रामसिंह, सुभीता सीगड़, विजेंद्र डोटासरा, रवि, राम गोपाल जांगिड़, इन्द्राज मिल, सुरेंद्र कलवानिया, गोमा राम, विजयपाल मलोवा, मुखराम, गिरधारी लाल, ख्याली, मनभर, महावीर, रामनिवास, उस्मान, सुभाष, इन्द्राज, रामस्वरूप, शीशराम, महेंद्र, संजय, सतीश, नवीन आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर शहीद को श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम का संचालन एडीईओ उमेद सिंह महला ने किया।

## गणेश महाराज का आज होगा पंचामृत अभिषेक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनी सूंड, दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में रवि-पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर रविवार को विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान गणपतिजी महाराज का दूर्वा मार्जन से पंचामृत अभिषेक मंदिर परिवार द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया जाएगा। मंदिर के युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि रवि-पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग पर प्रात: 10 बजे शुभ मुहूर्त में मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में प्रभु गजानंद का दूर्वा मार्जन के साथ पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात भगवान गणेश को नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी तथा विधिवत पूजा.अर्चना एवं आरती की जाएगी। सायंकाल में भगवान गणेश की भव्य महाआरती 251 दीपकों से की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके साथ ही मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को सुख.समृद्धि एवं विघ्ननिवारण का प्रतीक रक्षा सूत्र वितरित किए जाएंगे। रवि-पुष्य नक्षत्र के इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहेगा तथा श्रद्धालु भगवान गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# पंखों की उड़ान के साथ शुरू हुआ जयपुर बर्ड फेस्टिवल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** धरती की आर्द्रभूमियों को बचाने और आसमान में परिंदों की चहचहाहट को फिर से सजीव करने के संकल्प के साथ जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2026 का भव्य शुभारंभ शनिवार को कानोता कैंप रिजॉर्टए जामडोली जयपुर में हुआ। पंखों और आर्द्रभूमियों के संरक्षण उत्सव से जुड़ें थीम पर आधारित इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय आयोजन ने पहले ही दिन प्रकृति प्रेम, संरक्षण चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के रंग बिखेर दिए। ग्रीन पीपल सोसायटी जयपुर चैप्टर द्वारा राजस्थान सरकार के वन विभाग एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल का उद्घाटन संरक्षण विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। ग्रीन पीपल सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं जयपुर बर्ड फेस्टिवल के संयोजक विक्रम सिंह सेवानिवृत्त आईएएस ने बताया कि यह आयोजन पिछले 12 वर्षों से राष्ट्रीय पहचान बना चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल से प्रेरित है और जयपुर में यह पहल प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। फेस्टिवल के पहले दिन आयोजित मुख्य सत्र में विद्यार्थियों के लिए नेचर क्विज, पेंटिंग प्रतियोगिता, बर्ड फोटोग्राफी, बटरफ्लाई एवं पेंटिंग प्रदर्शनी, फिलैटली डाक टिकट प्रदर्शनी, रैप्टर्स प्रदर्शनी तथा अत्याधुनिक वीआर एक्सपीरियंस आकर्षण का केंद्र रहे। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पक्षियों व आर्द्रभूमियों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। फेस्टिवल के तहत आयोजित बर्ड वाचिंग सत्र में बर्ड एक्सपर्ट डॉ. सतीश शर्मा, विक्रम सिंह, राहुल भटनागर, वीरेंद्र सिंह बेड़सा, मनोज कुलश्रेष्ठ, डॉ. कमलेश शर्मा, निर्मल मेनारिया सहित अन्य विशेषज्ञों ने बच्चों को शॉवलर, स्पॉट-बिल डक, ग्रे हेरॉनए इग्रेट, कॉरमोरेंट, ग्रेब, कूट्स, पेराकिट्स, मैना सहित 25 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों से रूबरू कराया और उनके आवास, भोजन, प्रवास व प्रजनन से जुड़ी रोचक जानकारियां दीं। डूंगरपुर के बटरफ्लाई एक्सपर्ट मुकेश पंवार ने राजस्थान की प्रमुख तितलियों पर जानकारी देते हुए पांच तितलियों की लाइव लाइफ साइकल प्रदर्शित कीए जिसने बच्चों में विशेष उत्सुकता जगाई। वहीं उदयपुर की फिलैटली एक्सपर्ट पुष्पा खमेसरा द्वारा भारत सहित विभिन्न देशों के 2 हजार से अधिक पक्षी-आधारित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाकर संरक्षण संदेश दिया गया। इस मौके पर क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। राजस्थान में पाए जाने वाले प्रमुख पक्षियों पर आधारित फोटो व पेंटिंग्स की प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों और आगंतुकों का मन मोहा। लाइव पेंटिंग में संतकुमार, शिवानी, महक भूरिया, आयुषी शर्मा ने अपनी कला प्रस्तुत कीए वहीं विवेक तोमर और अनुज तोमर ने ओरिगामी व किरिगामी आर्ट के माध्यम से बिना कैंची और गोंद के कागज से आकर्षक पक्षी आकृतियां बनाकर बच्चों को रचनात्मकता से जोड़ा। फेस्टिवल स्थल पर आमंत्रित टैटू कलाकारों ने बच्चों के गालों और ललाट पर रंग-बिरंगे पक्षियों के टैटू बनाकर उन्हें प्रकृति के और निकट लाने का प्रयास किया। पहले दिन ही लगभग 30 रिसोर्स पर्सन्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला तथा 15 उभरते लेखकों के लिए लेखन कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही राज्य स्तरीय सम्मेलन में वनए पर्यावरणए पर्यटन विभाग, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, एनजीओ, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने संरक्षण से जुड़े विषयों पर गहन विमर्श किया। फेस्टिवल के दूसरे दिन रविवार को प्रतिभागी सांभर साल्ट लेक, बरखेड़ा-चंदलाई-मुहाना क्षेत्र, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर, तालछापर अभयारण्य चूरू तथा रणथम्भौर या सरिस्का टाइगर रिजर्व का फील्ड विजिट कर प्रकृति से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। फेस्टिवल में हॉफ पीके उपाध्याय, वरिष्ठ पक्षीविद डॉ. असद रहमानी, डब्ल्यूडब्ल्यू, फ इंडिया के सीईओ रवि सिंह, रिटायर्ड सीएस एस अहमद, रिटायर्ड आईएएस गिरिराज कुशवाहा उमेश कुमार व मालविका पंवार, उपेंद्र कुमार, रिटायर्ड आईपीएस बहादुर सिंह, वाइल्ड लाइफ बोर्ड सदस्य राजपाल सिंह, प्रकृति प्रेमी दिनेश दुरानी, पद्मश्री फोटोग्राफर अनूप शाह, बॉलीवुड एक्टर राहुल सिंह, आउल एक्सपर्ट डॉ. प्राची मेहता, रैप्टर एक्सपर्ट रातुल साहा, अजय गुप्ता, उत्तर प्रदेश के पर्यावरण विशेषज्ञ दिनेश श्रीवास्तव सहित अनेक नामी पक्षी विशेषज्ञ और पर्यावरणप्रेमी भाग ले रहे हैं। जयपुर में बर्ड फेस्टिवल की जानकारी प्राप्त होने पर फ्रांसीसी पर्यटक बुदवा डू पोंट अपनी पत्नी ओडिल के साथ पहुंचे और इस फेस्टिवल के प्रति बच्चों का उत्साह देखकर प्रसन्नता जताई। उनका कहना था कि पक्षियों और आर्द्रभूमियों का संरक्षण केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का संरक्षण है।

## झिझक छोड़ो-चुप्पी तोड़ो जागरूकता कार्यक्रम के तहत सेनेटरी पेड वितरित

निसं




**नोखा (नवयत्न)।** झिझक छोड़ो-चुप्पी तोड़ो जागरूकता कार्यक्रम व आरोग्य परियोजना के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल वीर, वीरा एवं यूथ केंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से सावित्रीदेवी गट्टाणी आदर्श विद्या मंदिर नोखा में सेनेटरी नेपकिन भेंट किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से किया गया। महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन-5 वीर राजेंद्रसिंह राठौड़ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना व स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है। जिससे बालिका विकास में मदद मिलती है। वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा सरला अग्रवाल ने महावीर इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण व आरोग्य परियोजना के बारे में विस्तार से बताया। वीर केंद्र चेयरमैन सुरेंद्रकुमार हीरावत ने बताया कि आज इस विद्यालय में कुल 300 सेनेटरी नैपकिन 100100100 भेंट किए गए। आदर्श विद्या मंदिर के उप प्राचार्य भागचंद ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना की तथा विद्यालय में बालिकाओं के लिए स्वच्छता व जागरुकता कार्यक्रम के लिए महावीर इंटरनेशनल का धन्यवाद ज्ञापित किया। वीर केन्द्र के कोषाध्यक्ष वीर रामेश्वरलाल छींपा ने भी इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में शाला की आचार्या गायत्री चौधरी, कौशल्या चौधरी सहित स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

## डिग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला मुख्यालय स्थित आजाद हिंद पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में शिक्षाविद् समाजसेवी विद्यालय के संस्थापक स्व. लक्ष्मण राम डिग्रवाल की 15वीं पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुभाष डिग्रवाल ने उनके द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने अपने जीवन काल में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु अनेक प्रयास किया व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया व विद्यालय के सभी स्टाफ को भी पुरस्कार दिया। विद्यालय में शानदार परीक्षा परिणाम देने वाले आदिल चौहान को नकद इनाम दिया गया। मंच संचालन पूजा शर्मा ने किया। अंत में विद्यालय प्रधानाध्यापिका सुशीला डिग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

## बैंड-बाजों के साथ निकलेगी साई बाबा की भव्य पालकी यात्रा



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर शहर में रविवार को श्री साईं धाम के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। वहीं बैंड-बाजों के साथ निकलने वाली इस शोभायात्रा में श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा का जयघोष करते हुए शामिल होंगे। आयोजन के दूसरे दिन सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहरभर से हजारों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। यह दो दिवसीय आयोजन बापू नगर स्थित मोती पार्क के श्री साईं बाबा मंदिर प्रांगण में होगा। इस कार्यक्रम को लेकर शनिवार को पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्वेता शर्मा, प्रिया यादव, सुधा, शर्मिला, अनीता, आरती, पायल सविता, पूजा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक श्वेता शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत 1 फरवरी रविवार को काकड़ आरती एवं मंगल स्नान के साथ होगी। सुबह 5 बजे काकड़ आरती व मंगल स्नान के बाद सुबह 9 बजे हवन आयोजित किया जाएगा। दोपहर में मध्यान्ह आरती होगी तथा इसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 बजे धूप आरती के बाद शाम 6 बजे साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। स्थापना दिवस के अवसर पर साईं बाबा का भव्य फुलों से श्रृंगार किया जाएगा। रंग-बिरंगे पुष्पों से सुसज्जित बाबा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। पालकी यात्रा हाथीए घोड़े और ऊंट के लवाजमे के साथ बापू नगर के विभिन्न मार्गों से नगर भ्रमण करेगी।

यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाएगी तथा श्रद्धालु दीप प्रज्ज्वलन कर बाबा की आरती करेंगे। देर रात 10 बजे शयन आरती होगी। आयोजन के दूसरे दिन 2 फरवरी सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर भर से हजारों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

## 151 किलो दूध, 21 किलो दही से महाअभिषेक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के प्रमुख श्री गणेश मंदिरों में पुष्य नक्षत्र एवं मनोकामना दिवस पर एक फरवरी को पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। रवि पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर और पूर्णिमा तिथि के शुभ संयोग पर मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर समेंत शहर के कई गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्या का अभिषेक किया जाएगा। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र व सुपारी का वितरण किया जाएगा। मंदिर महंत पं. कैलाश शर्मा के सान्निध्य में सुबह 8 बजे भगवान श्री गणेश जी महाराज का 151 किलो दूध, 21 किलो दही, सवा 5 किलो घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक की शुरुआत गंगाजल, केवड़ा जल एवं गुलाब जल से होगी, इसके बाद पंचामृत अभिषेक किया जाएगा।

## पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



निसं

**सांडवा (नवयत्न)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय साण्डवा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। नोडल प्राचार्य विनीता चौधरी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि भामाशाह शंकर लाल दायमा और भामाशाह ओम प्रकाश पुरोहित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान ग्रहण करने वाली छात्राओं की स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और सभी छात्राओं की बधाई दी। भामाशाह शंकर लाल दायमा ने महाविद्यालय में पुस्तकालय संचालन हेतु 1 लाख 51 हजार रुपए देने की घोषणा की तथा भामाशाह ओम प्रकाश पुरोहित ने 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. प्रभु शर्मा ने किया। इस अवसर पर शशांक नवल, डॉ. विनोद जांगड़ा, डॉ. प्रेरणा जैन, मुकेश स्वामी, भव्य सोनी, राजेश कुमार, विष्णु शर्मा, जगदीश फौजीए कन्हैया लाल फौजी व सभी छात्राएं उपस्थित रहे।

## जांगिड़ समाज ने मनाई विश्वकर्मा जयन्ती



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** मानोता रोड स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा सेवा भवन में शनिवार को विश्वकर्मा सेवा मंडल की ओर से भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एईएन श्रवण कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत सीबीईओ राधेश्याम जांगिड़, रामौतार जांगिड़, धमन लाल जांगिड़, मातादीन जांगिड़ मौजूद थे। अध्यक्षता प्यारेलाल जांगिड़ ने की। अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। समाज में जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से उसे आगे बढ़ने में गति मिलेगी। वहीं प्रत्येक व्यक्ति की विचारधारा को भी समाज के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आगे लाकर उसे आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति की समाज के प्रति भागीदारी होने से ही समाज को विकास की धारा में आगे ले जाए जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय तकनीकी शिक्षा का युग है, इसमें कड़ी मेहनत करने वाले सफलता हासिल कर पाते हैं। ऐसे में सामाजिक बुराईयों का त्याग कर युवाओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए। संचालन जितेंद्र जांगिड़ ने किया। इस मौके पर बिशंभर दयाल जांगिड़, देवदत्त जांगिड़, अश्वनी कुमार, अंजनी कुमार, राधेश्याम जांगिड़, जगदीश प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, भागीरथ मल, विनोद कुमार, नरेंद्र जांगिड़, हेमंत कुमार, जितेंद्र सहित समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का किया स्वागत

निसं



**रींगस (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का सालासर बालाजी दर्शन यात्रा के दौरान रींगस आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिल तिराहे पर गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का गर्मजोशी से अभूतपूर्व स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु चुलेट भाजपा युवा नेता व समाजसेवीआयुष कानुनगो ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री का साफा पहनाकर, भाजपा का दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बगड़ी ने कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख उनका आभार व्यक्त किया और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत, राजेंद्र भातरा, ज्योति मिश्रा, मनोज धाभाई, वाइस चेयरमैन अमित शर्मा, विष्णु गंगावत, रींगस गिरिराज सिंह तंवर, महेंद्र बलौदा, ओमप्रकाश कोरखन्या, फूलचंद बाजिया, अरुण बावड़ीका, तेजपाल कुमावत, महेंद्र बाधाला, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कर्मवीर घोसल्या सहित सैकड़ों की संख्या में ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रदेश महामंत्री का अभिवादन कर संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

## रवि पुष्य नक्षत्र व पूर्णिमा पर चांदपोल गणेश मंदिर में होगा महाभिषेक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** रवि पुष्य नक्षत्र और पूर्णिमा तिथि के शुभ संयोग पर चांदपोल परकोटा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर रविवार को रवि पुष्य नक्षत्र 101 किलो दूध एवं पंचामृत से भगवान गणेश का भव्य अभिषेक किया जाएगा। मंदिर महंत पंडित अमित शर्मा के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश का दूध, दही, शहद, गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल एवं केसर युक्त जल से विधिवत अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात गणेश जी महाराज को सिंदूर का चोला चढ़ाया जाएगा तथा उन्हें नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई जाएगी। इन धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में भगवान गणेश को गणपति अथर्वशीर्ष एवं गणपति अष्टोत्तर नामावली के मंत्रोच्चार के साथ मोदक का भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ किया जाएगा और गणेश जी महाराज को दूर्वा अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी के स्वरूप में हल्दी की गांठ एवं सुपारी का वितरण किया जाएगा।

# पाटोत्सव में सजी फुलों की श्रृंगार झांकी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** दुर्गापुरा स्थित श्री राधा मोहन जी मंदिर में रविवार को 28वां पाटोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दर्शन किए। पाटोत्सव महोत्सव के तहत अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के महंत जगदीश शर्मा के सानिध्य में श्री राधा मोहन जी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भगवान को नवीन एवं आकर्षक पोशाक धारण कराई गई। ठाकुर जी का ऋतु पुष्पों से भव्य श्रृंगार कर मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को बिजली की झालरों और पुष्प मालाओं से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया। पाटोत्सव के दौरान महिला मंडल द्वारा बधाई गान प्रस्तुत किए गए तथा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूब गया। बधाई गान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा वस्त्र, टॉफियां एवं सूखे मेवों की उछाल की गई। संत-महंतों के सानिध्य में भगवान की महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और श्री राधा मोहन जी की अलौकिक झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। समस्त धार्मिक आयोजन महंत जगदीश शर्मा के सानिध्य में विधिवत रूप से संपन्न हुए।


# भक्तिभाव से मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती शनिवार को छोटी काशी में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कारखानों, फैक्ट्रियों, वर्कशॉप में भगवान विश्वकर्मा और मशीनरी का पूजन किया गया। विश्वकर्मा रोड नंबर पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी ने अभिषेक किया। मालवीय नगर की ओर से जगतपुरा रोड डाक कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की झांकी सजाई गई। ब्रह्मपुरी कागदीवाडा स्थित श्री वैष्णोदेवी मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की प्रदेश इकाई की ओर से विद्याधर नगर स्थित समाज भवन से वाहन रैली और शोभायात्रा निकाली गई। समाज की विभिन्न समितियों के सहयोग से तैयारी की गई झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई वीकेआई औद्योगिक क्षेत्र, रोड नंबर-2 स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पहुंची, जहां विशेष पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। प्रदेशभर के विभिन्न विश्वकर्मा मंदिरों में रात्रि सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं आरती के माध्यम से भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया गया।

# काव्य पुस्तक कलेक्टर को भेंट, जाकिर अब्बासी को मिली बधाई



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था बज्म-ए-मौसिकी झुंझुनू से जुड़े मशहूर गायक एवं गीतकार जाकिर अब्बासी ने जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग को अपने द्वारा लिखे दो देशभक्ति गीतों से युक्त पुस्तक साझा काव्य संग्रह की प्रति भेंट की। महाराष्ट्र स्थित इंकलाब पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस साझा काव्य संग्रह में देशभर के 65 रचनाकारों की रचनाएं शामिल हैं। पुस्तक में जाकिर अब्बासी के देशभक्ति गीत प्यारा वतन हमारा तथा ए हिंद के जवानों, लाखों तुम्हें सलाम को स्थान मिला है। जाकिर अब्बासी ने बताया कि यह उनके लिए गर्व का अवसर है क्योंकि पहली बार उनके द्वारा लिखे गीत किसी प्रकाशित पुस्तक में शामिल हुए हैं। अपनी मधुर आवाज और जागरूकता गीतों के माध्यम से पहचान बना चुके जाकिर अब्बासी अब एक गीतकार के रूप में भी झुंझुनू जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. गर्ग ने जाकिर अब्बासी को बधाई देते हुए कहा कि गीत लेखन एक सृजनात्मक कला है और वे भविष्य में भी इसी तरह सार्थक व प्रेरणादायक गीत लिखते रहें। मौके पर शिक्षाविद् एवं समाजसेवी मास्टर युनूस अली भाटी भी उपस्थित रहे।

# जीव प्रेमी टीम गायों की कर रही निरंतर सेवा



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** निम्बीजोधा क्षेत्र में जीवों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए निम्बी जोधा जीव प्रेमी टीम द्वारा पिछले दो माह से लगातार सर्दी के मौसम में गौ सेवा का कार्य किया जा रहा है। टीम के सदस्य प्रतिदिन सुबह छह बजे गायों को पौष्टिक लाफसी खिलाकर निरंतर सेवा में जुटे हुए हैं। ठंड के मौसम में गायों को पोषण की अधिक आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए जीव प्रेमी टीम ने यह नियमित सेवा प्रारंभ की। निम्बी जोधा जीव प्रेमी टीम का यह प्रयास पूरी तरह स्वैच्छिक एवं सेवा भाव से किया जा रहा है। टीम सदस्यों ने बताया कि गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशील समाज की पहचान है।

# हेलमेट व सीट बेल्ट बोझ नहीं, बल्कि रक्षा कवच है : सुराणा

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले में हुई विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा परिवहन व पुलिस विभाग के कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि हेलमेट व सीट बेल्ट बोझ नहीं है, बल्कि रक्षा कवच है। हम सड़क पर यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और परिवेश के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि देश में सड़क दुघर्टना में प्रति मिनट करीब 03 मृत्यु हो जाती हैं और जिले का औसतन देखें तो प्रतिदिन करीब एक आदमी एक आदमी अपनी जान खो देता है।

हमें ना सिर्फ स्वयं सुरक्षित रहना है, वरन अपने वाहन चालन व्यवहार को इस प्रकार नियन्त्रित करना है कि हम दुर्घटना का शिकार ना हो। इसलिए हम इन सबसे सीख लेते हुए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। पुलिस उप अधीक्षक सुनील कुमार झाझड़िया ने राहगीर योजना के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों से सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन अवर में तुरन्त अस्पताल पहुंचाने व यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा ने वर्तमान समय में सीख से सुरक्षा की बात रखते हुए कहा कि वर्तमान में हमें दुर्घटना देखकर ही समझ जाना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. हेमन्त मंगल ने सभी विद्यार्थियों से सड़क पर वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की बात कही। जिला परिवहन अधिकारी नरेश कुमार बसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत की व सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी। सुजानगढ़ जिला परिवहन अधिकारी बजरंग खीचड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता में उत्कृष्ट कार्य करने पर परिवहन निरीक्षक रोबिन सिंह, कन्हैयालाल यादव, सुरेश बिश्नोई, मुकेश सोनी, सहायक लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह, सूचना सहायक दीपक कुमार सैनी, जयसिंह राठौड़, राकेश कस्वां, राजेश सिंह, गार्ड डॉ. जयप्रकाश बैरवाल, डॉ. अशोक पूनिया, सहायक आचार्य डॉ. सुखवीर, एएसआई नरेन्द्र सिंह, रामनिवास एवं एनआईसी आईरैड से पियूष पानी आदि सहित जिले की सभी तहसीलों में सड़क सुरक्षा पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. शालिनी हेमकार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ. सुखवीर सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. हरीश शर्मा ने किया।

# ब्लॉक स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय जौहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय नोडल स्कूल में ब्लॉक स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर आमजन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। प्राचार्य मनीष सिंघाटीया ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आदेशों की अनुपालना में नोडल विद्यालय जौहरी स्कूल में उपखंड स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लाडनूं उपखंड के कक्षा 9 से 12 के 37 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता विकसित करने का संदेश देने वाली सेठ सूरजमल भूतोड़िया राबाउमावि की छात्रा लक्ष्मी शर्मा को प्रथम पुरस्कार, राउमावि मंगलपुरा की छात्रा प्रियंका सैनी को द्वितीय पुरस्कार एवं सेठ सूरजमल भूतोड़िया राबाउमावि की छात्रा माया भोजक को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईओ प्रहलाद निराणियां एवं विशिष्ट अतिथि कल्याण सिंह राठौड़ एसीबीईओ लाडनूं ने इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के बारे में विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की और सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने की हिदायत दी। संस्था प्रधान युसीईईओ मनीष सिंघाटीया ने जिला स्तर पर लाडनूं का प्रतिनिधित्व करने वाली तीनों विजेताओं छात्राओं को शुभ कामनायें देते हुए अल्प समय में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा समस्त विद्यालय परिवार का तहेदिल से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चालीस लाख के मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जिला स्पेशल टीम डीएसटी उत्तर और शास्त्री नगर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चला, जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 40 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ सहित तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के आरोपित तस्कर के पास से विदेशी एमडीएमए-चरस-गांजा सहित खरीद-फरोख्त से जुड़ी हजारों की नकदी बरामद की है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि शहर में नशीले पदार्थों की खरीद-फोख्त करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डीएसटी टीम उत्तर को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि शास्त्री नगर थाना इलाके में स्थित एक युवक चांदमारी फायरिंग बट के पास चिड़ी चुग्गा हनुमान की ओर जाने वाले रास्ते पर रोड लाइट के नीचे मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वितीय जयपुर उत्तर बजरंग सिंह आरपीएस तथा सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर सुरेंद्र सिंह के सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी दिलीप कुमार सोनी और शास्त्री नगर थानाधिकारी दिलीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और संदिग्ध युवक कृष्ण कुमार शर्मा 27 निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.83 ग्राम विदेशी एमडीएमए, 135.91 ग्राम चरसए168.20 ग्राम विदेशी गांजा, दो मोबाइल, तथा नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त से जुड़ी 26,730 रुपए की नकदी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख आंकी गई है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थों की तस्करी, सप्लाई चैन और लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** श्री विश्वकर्मा जयंती पर्व के अवसर पर श्री विश्वकर्मा चौक, बांडिया बास से शिल्प कर्मी समाज के आराध्य देव श्री विश्वकर्मा भगवान की शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों बजाज रोड़, तापड़िया बगीची, जाट बाजार, चांदपोल गेट से होते हुए निकाली गई।

शोभायात्रा में भगवान श्री विश्वकर्मा, शिव-पार्वती परिवार सहित विभिन्न झांकियां मुख्य आकर्षक रही। इस अवसर पर शहर स्थित श्री विश्वकर्मा चौक में श्री विश्वकर्मा चेतना मंच राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भंवर लाल सूठोठ के मुख्य आतिथ्य व अ. भा. जां. ब्रा. महासभा सीकर जिलाध्यक्ष बनवारी लाल खण्डेलसर की अध्यक्षता में मुख्य सामाजिक समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान रामकृपाल लालासी अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर, सांवरमल लदोया अध्यक्ष जांगिड़ ब्राह्मण संस्थान लोहार्गल-गोल्याणा, एडवोकेट ओमप्रकाश बसावा पूर्व अध्यक्ष जांगिड़ छात्रावास सीकर, समाजसेवी शंकर लाल लदोया व पूर्व प्राचार्य बाबूलाल पालड़ी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भंवर लाल सूठोठ ने कहा कि समाज व देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संस्कार का अत्यंत महत्व है। शिल्प कला में श्रेष्ठता के बावजूद भी आज भी जांगिड़ ब्राह्मण समाज अत्यंत पिछड़ा हुआ है। सामाजिक सुरक्षा व प्रगति के लिए राजनीतिक भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। हम सरकार से ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग करते हैं। मंदिर प्रबंधक मंगल भदानिया ने बताया कि आम सभा में हस्तशिल्प के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज, बालिका शिक्षा व उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाने सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान प्रोफेसर एन. एल. जांगिड़, लालचंद सबलपुरा पूर्व अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा कल्याण समिति सीकर, प्रकाश जांगिड़ पालवास, प्रदीप जांगिड़ पार्षद, सुशील भदानिया, सीताराम मुंडवाड़ा, राजकुमार चोयल, मनोहर रोसावां, राधेश्याम मांडण, महावीर योग गुरु, बोदूराम दीनारपुरा सहित विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता व मातृ शक्ति उपस्थित रही। श्री विश्वकर्मा मंदिर संस्थान के अध्यक्ष बजरंग जांगिड़ ने सभी आगंतुकों का तहेदिल से आभार प्रकट किया व कार्यक्रम का संचालन कन्हैयालाल सांवलोदा ने किया।

# वार्षिक उत्सव मनाया, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



निसं

**चिड़ासन (नवयत्न)।** चनाना गांव मनिंद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल वार्षिकउत्सव पर प्रतिभाओं का सम्मान एवं पारितोषिक वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल निदेशक कुलदीप धींवा ने की। छात्र.छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। स्कूल निदेशक ने विद्यालय में टॉपर्स नब्बे प्रतिशत अंकल आने वाले बच्चों को अंक लाने वाले बच्चों को सम्मान किया गया एवं पारितोषिक वितरण किया। मनिंद्र स्कूल के समस्त स्टाफ को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। समारोहो सांस्कृतिक कार्यक्रम डीजे पर महिला स्टाफ एवं सीनियर्स बच्चे खूब नृत्य कर थिरके और अपनी नृत्य कला का दम खम दिखाया स्कूली बच्चों और बच्चों ने नृत्य और संगीत में अपनी कला दिखाने पर उनके अभिभावक अध्यापिका स्कूल स्टाफभी बच्चों को देखकर अपने को नृत्य करने से नहीं रोक पाए चारों ओर खुशी से कार्यक्रम चालू रहा उसके बाद में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ जिसमें 90: से अधिक अंक लाने वाले बच्चों बच्चों को पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया एवं समस्त स्टाफ को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी के लिए नाश्ते का आयोजन किया। सभी सीनियर स्टूडेंट ने एवं स्टाफ ने साथ बैठकर के नाश्ता किया। समारोह में स्टाफ में कुलदीप मील, गंगाराम, विक्रम सिंह, हरकेश महला, दर्शन योगी, समदर सिंह, वासुदेव शर्मा, नौरंगलाल सोनी, अशोक कुमावत, शीशराम अमित जाँगिड़, बलबीर सिंहएअशोक गजराजएसत्येन्द्र जीएपवन जीएबहादुर सिंहएश्रीमती सोनम खिंची, मोनिका खिंची, उषा, प्रमोद, प्रिंसी, प्रिती, रविना, कविता, ज्योति, सपना, गुड्डू शर्मा स्कूल डायरेक्टर कुलदीप सिंह सभी छात्र छात्राओं उज्जवल भविष्य और सफलता की कामना की कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित धींवा किया।

# माघ पूर्णिमा पर आज ठाकुरजी का होगा धवल श्रृंगार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** माघ पूर्णिमा रविवार को मनाई जाएगी। इसके साथ ही तीर्थराज प्रयागराज में एक माह से चल रहा माघ स्नान संपन्न हो जाएगा। छोटीकाशी के श्रद्धालु गलताजी में स्नान करेंगे। पूर्णिमा को दान.पुण्य पर जोर रहेगा। अगले दिन से फाल्गुन माह शुरू हो जाएगा। माघ पूर्णिमा पर आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी को सफेद रंग की मनोहारी पोशाक धारण कराई जाएगी। सफेद पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। मंगला झांकी के बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुर श्री शालिग्रामजी भगवान नारायण जी का भी वेद मंत्रों के साथ पंचामृत अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा। श्रृंगार आरती में विशेष भोग अर्पित किए जाएंगे। हरिनाम संकीर्तन की मधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। श्री राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि शाम को पूर्णिमा के पदों का गायन किया जाएगा। चौड़ा रास्था के राधा दामोदरजी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का अभिषेक कर विशेष झांकी सजाई जाएगी। त्रिपोलिया बाजार के विनोदी लाल, रामगंज बाजार के लाड़ली, चांदनी चौक स्थित बृज निधि जी सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में भी पूर्णिमा पर ठाकुरजी की विशेष झांकी सजाई जाएगा।

पुरानी बस्ती के गोपीनाथ जी मंदिर में रविवार को ठाकुरजी का 523वां पाटोत्सव मनाया जाएगा। महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह 8 से 9 बजे तक अभिषेक होगा। महिलाएं ठाकुरजी को भजन सुनाकर रिझाएंगी।

# शुभ घड़ी आई बधाई हो बधाई... आज उदित होंगे शुक्र

## चार से बजेगी शहनाई, विवाह पूर्व रस्मों का दौर शुरू



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गत 12 दिसंबर को अस्त हुआ शुक्र एक फरवरी को सुबह उदय होगा। ऐसे में मांगलिक कार्य फिर से प्रारंभ होंगे। शुक्र उदय से तीन दिन बाद तक बालत्व दोष माना जाता है। इन दिनों में भी कोई शुभ कार्य वर्जित रहता है। इस कारण पहला शुभ सावा चार फरवरी को होगा। उधरए विवाह स्थलों, बैंक्वेट हॉल, सामुदायिक केन्द्रों और होटलों में विवाह पूर्व की रस्मों का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को कई स्थानों पर तिलक दस्तूर, सगाई, भात, महिला संगीत जैसे रस्में निभाई गई। फरवरी माह में 4, 5, 10, 20, 21, 24, 25, 26 तारीख को भी शहनाई बजेगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गुरू एवं शुक्र तारा उदय होने पर ही विवाह तथा अन्य मांगलिक कार्य सम्पन्न किए जाते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि विवाह के लिए केवल तिथि ही नहीं, बल्कि वार, नक्षत्र, योग और लग्न का भी विशेष महत्व होता है। अत: किसी भी तिथि का चयन करते समय वर-वधू की कुंडली मिलान एवं व्यक्तिगत ग्रह-दशाओं का विचार करना अत्यंत आवश्यक है। इससे वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और संतुलन बना रहता है। आधुनिक समय में लोग सुविधानुसार तिथि चुन लेते हैं, किंतु यदि विवाह संस्कार शुभ मुहूर्त में संपन्न किया जाए तो उसका सकारात्मक प्रभाव जीवन भर बना रहता है। मार्च माह में 9 10, 11, 12 चार दिन विवाह के मांगलिक मुहूर्त रहेंगे। 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मलमास रहेगा। 15 जुलाई से 09 अगस्त तक गुरु अस्त रहेगा। 12 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक शुक्र अस्त रहेगा।


## नाम परिवर्तन

**मैं रजनी देवी गुप्ता पत्नी राकेश कुमार गुप्ता जाति-महाजन निवासी-वार्ड नं 24 खेमी सती रोड़, झुंझुनूं राज. मैने मेरा नाम रजनी देवी गुप्ता से बदलकर रजनी गुप्ता रख लिया हैं। अत: भविष्य में मुझे रजनी गुप्ता के नाम से जाना जावें।**

## सम्पादकीय

# परिपक्वउम्र में ही हो सोशल मीडिया तक पहुंच

बच्चों व किशोरों की सोशल मीडिया पर बढ़ती अति-सक्रियता अभिभावकों ही नहीं, देश के लिये भी एक गंभीर चिंता का विषय है। छात्रों का पढ़ाई से भटकाव व एकाग्रता में गिरावट समय की बड़ी फिक्र है। इसी बीच इकोनॉमिक सर्वे में सोशल मीडिया तक उम्र के हिसाब से पहुंच का सुझाव एक स्वागत योग्य कदम है। सालों से, डिजिटल विस्तार को एक बिना शर्त अच्छे बदलाव के रूप में देखा जाता रहा है। कहा जाता रहा है कि सोशल मीडिया तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, डिजिटल लिटरेसी की खामियों को दूर करने और शिक्षा को आधुनिक बनाने में डिजिटल क्रांति सहायक है। निश्चित रूप से आर्थिक सर्वे में इस बाबत उल्लेख एक असहज करने वाली सच्चाई को संतुलित करने का प्रयास करता है। यह स्वीकार किया जा रहा है कि बिना रोक-टोक के डिजिटल एक्सपोजर तेजी से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनता जा रहा है। सही मायनों में डिजिटल लत को मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन और उत्पादकता को प्रभावित करने वाली समस्या के रूप मे पहचानते हुए, सर्वे इस बहस को तथ्यों पर आधारित नीति बनाने की जरूरत बताता है। इसकी सिफारिश है कि उम्र के हिसाब से एक्सेस की सीमाएं तय करने, उम्र की वेरिफिकेशन के लिये प्लेटफॉर्मों की जवाबदेही निर्धारित करने, बच्चों के लिये सरल डिवाइस बनाने और ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। सही मायनों में इस मुद्दे पर वैश्विक सहमति का ही अनुसरण किया जा रहा है। वास्तव में बच्चों को सम्मोहित करने वाले डिजिटल डिजाइनों से उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी जरूरत है। जो कोमल मन-मस्तिष्क वाले बच्चों पर खासा नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। निश्चित रूप से डिजिटल लत के शिकार होते बच्चों व किशोरों के, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्धारण समय की मांग है। इसके अलावा इस बाबत सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर देना भी उतना ही जरूरी है। तभी इस संकट का आशाजनक समाधान तलाशना संभव हो सकेगा।


वहीं दूसरी ओर, इस संकट से उबरने के लिये प्लेटफॉर्म लेवल सेफ्टी और फैमिली डेटा प्लान की भी मांग की जा रही है। जो पढ़ाई की जरूरत और मनोरंजन के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए इस्तेमाल का फर्क कर सके। इसके साथ ही हालिया आर्थिक सर्वे में इस बात को स्वीकार किया गया है कि माता-पिता पहले से ही यह जानते हैं कि व्यक्तिगत कंट्रोल बड़े पैमाने से इस समस्या का समुचित हल नहीं निकाल सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुए प्रयास इस तथ्य की पुष्टि करते हैं। यही वजह है कि आस्ट्रेलिया व फ्रांस जैसे विकसित देशों में सरकारों को इस दिशा में सख्त पहल करनी पड़ी। एक ओर जहां आस्ट्रेलिया ने सोलह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक पहुंच पर रोक लगायी है, वहीं फ्रांस ने पंद्रह साल से कम उम्र वाले बच्चों की सोशल मीडिया तक सीधी पहुंच को रोकने को कदम उठाये हैं। कुछ अन्य देशों में भी सरकारें तेजी से सख्त सीमाएं तय करने की दिशा में काम कर रही हैं। आज जहां भारत में स्मार्टफोन के इस्तेमाल की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। वैसे भारत जैसे देश जहां युवाओं की आबादी बहुत ज्यादा है, वहां डिजिटल क्रांति से पूरी तरह अलग भी नहीं रहा जा सकता। ऐसे में एक नियम से ही सबको नियंत्रित करना संभव नहीं होगा। इसके बावजूद हमें स्वीकारना होगा कि विदेशी प्लेटफॉर्मों से प्रसारित अपसंस्कृति भारतीय किशोरों को पथभ्रष्ट करने में घातक भूमिका निभा रही है।

## विशेष आलेख

# तेल के खेल में मोदी के आगे कोई नहीं टिक सकता, भारत-वेनेजुएला वार्ता के बाद दुनिया में मची हलचल

भारत और वेनेजुएला के बीच कूटनीति ने अचानक तेज रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के बीच हुई टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच हुई इस वार्ता का सीधा संबंध तेल से है और इसका परोक्ष असर भारत रूस निर्भरता घटाने, अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने से जुड़ा है।

सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने भारत को संकेत दिया है कि वह शीघ्र ही वेनेजुएला से तेल खरीद दोबारा शुरू कर सकता है ताकि रूसी कच्चे तेल पर निर्भरता घटे। यह पहल भारत अमेरिका ऊर्जा संबंधों को नए सांचे में ढालने की अमेरिकी कोशिश का हिस्सा है। रिपोर्टों के मुताबिक आने वाले महीनों में भारत रूसी तेल आयात में प्रतिदिन कई लाख बैरल की कटौती कर सकता है। इस कूटनीतिक पृष्ठभूमि में डेल्सी रोड्रिगेज ने प्रधानमंत्री मोदी से वार्ता के बाद ऊर्जा सहयोग पर सहमति की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने भी सार्वजनिक संदेश में कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय साझेदारी को सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाने की साझा दृष्टि रखते हैं। हम आपको बता दें कि यह वार्ता ऐसे समय हुई है जब वेनेजुएला ने अपने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।



वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों वाला देश है। दशकों तक कठोर सरकारी नियंत्रण के बाद अब कानूनों में व्यापक सुधार किए गए हैं। खोज, उत्पादन, वितरण और विपणन में निजी भागीदारी को अनुमति दी गई है। कर और रॉयल्टी घटाई गई हैं, बड़े प्रोजेक्ट के लिए शुल्क और कम किए जा सकते हैं और विवादों में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का रास्ता खोला गया है। इस तरह यह बदलाव कर पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज के दौर की राष्ट्रीयकरण नीति को पलट दिया गया है। अमेरिका ने भी जवाबी कदम उठाते हुए वेनेजुएला को प्रतिबंधों में ढील दी है। नया सामान्य लाइसेंस अमेरिकी कंपनियों को वेनेजुएला के तेल के निर्यात, भंडारण, परिवहन और परिशोधन की अनुमति देता है, हालांकि भुगतान और कुछ देशों से जुड़े लेन-देन पर सख्त शर्तें रखी गई हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल मार्च में वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी शुल्क लगाया था, जिसमें भारत भी शामिल था। अब दिशा बदली है।

देखा जाये तो रूस यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने अवसर का लाभ उठाते हुए सस्ता रूसी तेल बड़ी मात्रा में खरीदा। इससे देश की ऊर्जा जरूरतें भी पूरी हुईं और कीमतों पर भी नियंत्रण रहा। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। अमेरिका का दबाव बढ़ा है, व्यापार शुल्क भारी हुए हैं और प्रतिबंधों के कारण आपूर्ति व्यवस्था जटिल हो गई है। इसी वजह से भारत अब तेल आयात के नए विकल्प तलाश रहा है। आयात के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दिसंबर में रूस से तेल खरीद दो साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही ओपेक देशों से आने वाले तेल की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। कई भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल से दूरी बना ली है और आपूर्ति स्रोत बदलने शुरू कर दिए हैं।

इसी बीच, वेनेजुएला के नए कानून ने एक नई संभावना खोली है। उत्पादन और निर्यात में तेज बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रतिबंधों के चलते जो तेल पहले मजबूरी में सस्ते दाम पर बेचना पड़ता था, अब वह बेहतर कीमत और कम लागत के साथ खुले बाजार में उपलब्ध होगा। सरकारी आकलन के अनुसार, वेनेजुएला में इस साल उत्पादन में 18 प्रतिशत तक बढ़ोतरी संभव है, जबकि निजी अनुमान इससे भी तेज उछाल की ओर संकेत कर रहे हैं।

देखा जाये तो मोदी और रोड्रिगेज की बातचीत सिर्फ एक शिष्टाचार नहीं, बल्कि सामरिक संकेत है। भारत साफ तौर पर संदेश दे रहा है कि वह किसी एक स्रोत या किसी एक धड़े के साथ नहीं रहेगा। ऊर्जा सुरक्षा भारत की आर्थिक संप्रभुता की रीढ़ है और इस रीढ़ को मजबूत करने के लिए बहुध्रुवीय नीति अनिवार्य है। वेनेजुएला के दरवाजे खुलना भारत के लिए अवसर की तरह है क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार तक पहुंच सस्ती और स्थिर आपूर्ति का रास्ता खोल सकती है। हालांकि भारत को अमेरिकी शर्तों, भुगतान नियमों और भू-राजनीति की रस्साकशी में संतुलन भी साधना होगा।

सामरिक रूप से यह कदम रूस पर निर्भरता घटाकर भारत की सौदेबाजी की शक्ति को और बढ़ाता है। यदि भारत वेनेजुएला से तेल खरीद फिर शुरू करता है तो अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव कम हो सकता है, साथ ही लैटिन अमेरिका में भारत की मौजूदगी मजबूत होगी। ग्लोबल साउथ के मंच पर भी यह संकेत जाएगा कि भारत ठोस साझेदारी करता है। वहीं वेनेजुएला ने नियम सरल कर यह दिखा दिया है कि आर्थिक यथार्थ विचारधारात्मक जिद से बड़ा होता है। निजी निवेश, कम कर, अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता और पारदर्शिता से ही उत्पादन बढ़ेगा और आम नागरिक तक लाभ पहुंचेगा। भारत यदि यहां निवेश और दीर्घकालिक खरीद समझौते करता है तो यह दोनों देशों के लिए लाभकारी होगा।

बहरहाल, इस पूरी तस्वीर के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल और दूरदर्शी विदेश नीति साफ दिखाई देती है। कच्चे तेल की खरीद और आपूर्ति के मोर्चे पर उन्होंने खुद को एक मास्टर रणनीतिकार के रूप में स्थापित किया है। जब दुनिया रूस यूक्रेन युद्ध के बाद तेल संकट से जूझ रही थी, तब भारत पर भी हर तरफ से दबाव था कि वह सस्ते रूसी तेल से दूरी बनाए। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए बहुस्तरीय कूटनीति अपनाई। रूस से तेल खरीद जारी रखी, पश्चिम एशिया और अफ्रीका से आपूर्ति संतुलित की और अब लैटिन अमेरिका की ओर रणनीतिक कदम बढ़ा दिये हैं। इसी संतुलित नीति का नतीजा रहा कि जहां यूरोप और अमेरिका में ईंधन के दाम आसमान छू रहे थे, वहीं भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें काबू में रहीं। यह केवल आर्थिक प्रबंधन नहीं था, बल्कि वैश्विक दबावों के बीच भारत की सामरिक स्वायत्तता और नेतृत्व क्षमता का स्पष्ट प्रदर्शन था। देखा जाये तो मौजूदा संकेत साफ बता रहे हैं कि नई दिल्ली लगातार कुशल रणनीति के साथ फैसले कर रही है। यही आक्रामक यथार्थवाद आज के दौर की मांग है।

## आज का राशिफल

### मेष

कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### वृष

दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### मिथुन

घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### कर्क

भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### सिंह

दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कन्या

कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### तुला

समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### वृश्चिक

विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### धनु

निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### मकर

अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

### कुंभ

नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोजाना मेडिटेशन करने से ब्रेन में धीरे-धीरे दिखते हैं यह खास बदलाव

मेडिटेशन या ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवन में एक ठहराव लाती है जिससे संरेखण और पुनर्संरेखण की प्रणाली को समझने में मदद मिलती है। यदि हम मेडिटेशन के बारे में स्पष्टता हासिल करना चाहते हैं तो यह हमारे विकास के लिए चमत्कार कर सकती है। यदि आप तनावग्रस्त हैं और निरंतर चिंता की स्थिति में ध्यान गेम चेंजर हो सकता है जो हमें शांति और आनंद की स्थिति की ओर बढ़ने में मदद करता है।



### विकास के लिए

जब ठहराव का अनुभव होता हैं और बढ़ना चाहते हैं, तो मेडिटेशन हमारी सफलता और सीखने में तेजी लाने में मदद करती है। मेडिटेशन का मूल उद्देश्य विकास सकारात्मकता उत्पादकता और प्रगति है। मेडिटेशन मस्तिष्क पर एक शक्तिशाली प्रभाव डालता है क्योंकि यह हमें खुद से बात करने में मदद करता है। मेडिटेशन स्वयं से एक मजबूत संबंध स्थापित करता है। आत्म-चर्चा की इस प्रक्रिया के माध्यम से व्यवहार, जीवन शैली, विचारों और आदतों के संदर्भ में अपने लिए परिवर्तन ला सकते हैं। स्वास ध्यान, स्थिर ध्यान और त्राटक ध्यानजैसी मेडिटेशन तकनीकें मस्तिष्क का पूर्ण उपयोग करती हैं और मस्तिष्क रसायन विज्ञान में परिवर्तन लाती हैं जिससे जीवन जीने के तरीके में बदलाव आता है।

### हीलिंग और तसल्ली

मेडिटेशन योग के उन उपकरणों में से एक है जो मन को शांत करता है और इसमें एक शक्तिशाली उपचार क्षमता होती है। मेडिटेशन विचार प्रक्रियाओं को ढालने का अभ्यास है ताकि यह केवल अच्छाई की ओर ले जाए। विचारों को उत्पादकता और विकास की ओर ले जाने से जीवन शक्ति और ऊर्जा मजबूत होती है।

### नर्वस सिस्टम पर मेडिटेशन का प्रभाव

मेडिटेशन को हार्मोन और न्यूरोट्रांसमीटर जैसे डिहाइड्रोएपि-एंड्रोस्ट्रोन, कोर्टिसोल, सेरोटोनिन, मेलाटोनिन और एपिनेफ्रीन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने के लिए माना जाता है। मेडिटेशन की प्रक्रिया शरीर में एक ठहराव लाती हैं। इससे हृदय गति में सुधार होता है, चयापचय में कमी आती है, रक्तचाप कम होता है, श्वास में सुधार होता है और मस्तिष्क तरंगें होती हैं। ऐसे अध्ययन किए गए हैं जो बताते हैं कि कैसे ध्यान के दौरान मस्तिष्क सेरोटोनिन में वृद्धि होती है। सेरोटोनिन को हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है और यह मूड नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है।

### मेडिटेशन की विभिन्न तकनीकें

जैसे शरीर के विभिन्न हिस्सों और संबंधित मसल्स समूहों पर काम करने के लिए शरीर को विभिन्न प्रकार के एक्सरसाइज की आवश्यकता होती है, वैसे ही मस्तिष्क के कार्यों से संबंधित विशिष्ट परिणामों के लिए अलग-अलग मेडिटेशन तकनीकें होती हैं। सुपरपावर मेडिटेशन जैसी ध्यान तकनीक एक शक्तिशाली तकनीक है जो हमारी रचनात्मकता और उद्देश्य पर काम करती है। दूसरी ओर स्वास ध्यान जैसी तकनीकों का मन और शरीर पर बहुत ही शांत प्रभाव पड़ता है। श्वास ध्यान का उपयोग सांस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाता है जो बदले में चिंता, तनाव, डिप्रेशनआदि जैसी किसी भी मानसिक गड़बड़ी को समाप्त करता है। इसलिए, विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क में परिवर्तन लाने के लिए ध्यान में कई तरह की तकनीकें शामिल हैं।

# बच्चे को पेशाब न आने पर अपनाएं यह घरेलू उपाय, जल्द दूर होगी समस्या

बच्चों को देखभाल की बहुत आश्यकता होती है। उसे अक्सर कुछ-न-कुछ समस्याएं लगी ही रहती है। कभी बच्चों को अधिक पेशाब आने लगती है तो कभी उनको पेशाब न आने की परेशानी हो जाती है। छोटे होने की वजह से बच्चा अपनी परेशानी को किसी के साथ बता भी नहीं पाता है। लेकिन, बच्चा ऐसे कई संकेत देता है, जिनसे मां या अभिभावक ये समझ सकते हैं कि बच्चे को किसी तरह की परेशानी हो रही है। जिस तरह से बच्चे का अधिक पेशाब आना परेशानी का कारण हो सकता है, ठीक उसी तरह से बच्चे का कम पेशाब आना भी परेशानी की ओर इशारा करता है। ऐसे में अभिभावको घबराना नहीं चाहिए। बल्कि, उन्हें धैर्य से काम लेते हुए डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**यूरिनरी ट्रैक्ट में बाधा उत्पन्न होना :** बच्चे के मूत्र मार्ग में रुकावट तब होती है जब उसकी किडनी से पेशाब बाहर नहीं आता है। ये समस्या बच्चे की एक या दोनों किडनी को प्रभावित कर सकती हैं। इस समस्या में बच्चे को पेशाब न आने या पेशाब बाहर आने में समस्या हो सकती है।

**पानी की कमी होना :** बच्चे के शरीर में पानी कमी होना या उसे डिहाईड्रेशन की समस्या होने पर उसको पेशाब न आने की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे को उल्टी, दस्त या अन्य रोग में पानी की कमी होने पर उसको पेशाब नहीं आती है।

**दवाओं की वजह से :** कई मामलों में यदि बच्चा पहले से ही दवा ले रहा है तो उसको दवा के प्रभावों की वजह से भी पेशाब न आने की



परेशानी हो सकती है। उच्च रक्तचाप की दवाएं, ड्यूरेटिक्स और एंटी इंफ्लेमेट्री दवाओं की वजह से भी बच्चे को पेशाब न आने की समस्या हो सकती है।

**बच्चे को पेशाब न आने पर क्या करें :** यदि आपके बच्चे को पेशाब नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको सबसे पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। डॉक्टर बच्चे की स्थिति को समझकर उसे बेस्ट ट्रीटमेंट दे सकते हैं। लेकिन जब तक आप डॉक्टर के पास नहीं जाती हैं तो इस स्थिति में आप घर पर भी कुछ उपायों को आजमा सकती हैं।

**हींग का करें प्रयोग :** बच्चे को पेशाब न आने पर आप कुछ घरेलू नुस्खों को अपना सकती हैं। यदि आपका बच्चा दो साल से अधिक है और उसको ये परेशानी हो रही है तो इस स्थिति में आप उसकी नाभि पर भिगी हुई हींग को रूई की मदद से कुछ देर के लिए रख दें। ध्यान दें कि हींग का अधिक इस्तेमाल न करें। क्योंकि इससे भी कई तरह के नुकसान होते हैं। थोड़ी सी हींग को रूई में लगाएं।

# नाक बहने और जुकाम से छुटकारा पाने के लिए ऐसे करें लौंग के तेल का इस्तेमाल

लौंग का इस्तेमाल आमतौर पर भारतीय घरों में मसाले के रूप में किया जाता है। लेकिन इसमें मौजूद औषधीय गुण सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लौंग में मौजूद औषधीय गुण कई गंभीर समस्याओं में उपयोगी होते हैं। लौंग में एंटी फंगल और एंटी ऑक्सीडेंट समेत एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। लौंग में मौजूद गुणों के कारण इसका इस्तेमाल कई तरह की आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में भी किया जाता है। सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या में भी लौंग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। लौंग के तेल का इस्तेमाल करने से आपको इन्फेक्शन, सर्दी-खांसी समेत ई गंभीर समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है। नाक बहने की समस्या में भी लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी माना जाता है।

**नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल के फायदे :** लौंग के तेल में मौजूद एंटी फंगल और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर की कई समस्याओं में उपयोगी होते हैं। इसमें मौजूद यूजेनॉल और फ्लेवोनोइड कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा दिलाने में उपयोगी माने जाते हैं। सर्दी-खांसी और



जुकाम की समस्या में भी लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। लौंग के तेल को गर्म करके मालिश करने से कई गंभीर परेशानियों से निजात पाने में फायदा मिलता है। नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल का इस्तेमाल बहुत उपयोगी होता है। अगर आप भी लंबे समय से सर्दी-जुकाम या किसी अन्य परेशानी के कारण नाक बहने की समस्या से परेशान हैं, तो लौंग का तेल आपके लिए बहुत उपयोगी है। लौंग में मौजूद गुण इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने के साथ ही सांस से जुड़ी परेशानियों में भी बहुत फायदेमंद होते हैं। लौंग के तेल का इस्तेमाल करने से आप सांस से जुड़ी गंभीर समस्या जैसे अस्थमा आदि से भी छुटकारा पा सकते हैं।

**नाक बहने पर लौंग के तेल का इस्तेमाल कैसे करें :** नाक बहने की समस्या में लौंग के तेल का औषधीय इस्तेमाल पुराने समय से किया जा रहा है। लौंग के तेल में कई ऐसे गुण होते हैं, जो इन्फेक्शन समेत सांस से जुड़ी परेशानियों में बहुत उपयोगी माने जाते हैं। नाक बहने या सर्दी-जुकाम की समस्या में लौंग के तेल को हल्का गुनगुना करके नाक में 2-2 बूंद दिन में दो से तीन बार डालना बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से कुछ दिनों तक इसका इस्तेमाल करने से आपको बहुत फायदा मिलेगा।

## उद्योगपति, भामाशाह बजरंगलाल तापड़िया का हुआ निधन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** देशभर में प्लास्टिक किंग के नाम से मशहूर व फोर्ब्स सूची में 99 वे स्थान पर रहे भामाशाह सेठ बजरंग लाल तापड़िया का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शनिवार दोपहर को जसवंतगढ़ में उनकी बैकुंठी निकाली गई। और मुख्य बाजार बंद रखकर मोक्ष धाम बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उनको श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विभिन्न स्कूलों में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए। उप तहसील के राजकीय भीकू लाल सारडा उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्बी जोधा में सेठ बजरंग लाल तापड़िया के स्वर्गवास पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सुमित्रा रलिया प्रधानाचार्या व शिवनारायण कासनियां उपप्राचार्य ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ तथा जनहित के तमाम कार्य करवाने वाले भामाशाह तापड़िया सदैव याद रखे जाएंगे। जगदीश प्रसाद घिंटाला ने कहा कि 93 साल के सेठ बजरंग लाल तापड़िया सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी थे और देश के नामी उधोगपति, समाज सेवी, सरल, सोम्य विद्वान व्यक्तित्व तथा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई और शिक्षकों को नियुक्ति दी। कोरोना काल में ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाई।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सीकर जिला कांग्रेस भी सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गठवाला ने बताया कि इस प्रदर्शन में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता फावड़ा, परात आदि औजार लेकर मनरेगा श्रमिकों के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे।

**प्रदर्शन की प्रमुख मांगें**–मनरेगा में काम की गारंटी को लागू रखा जाए। न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि की जाए। पहले की तरह मनरेगा का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करे। इस कार्यक्रम में सीकर जिले के प्रभारी व प्रदेश महासचिव विशाल जांगिड़ तथा मनरेगा बचाओ संग्राम की प्रभारी व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह भी उपस्थित रहेंगी। पार्टी ने नारा दिया है गांव–गांव का एक ही नारा, मनरेगा है अधिकार हमारा। इसके तहत देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर सोमवार को विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

## सीएचसी में बैड बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जनहित के लिए तत्पर रहने वाली सामाजिक संस्था के द्वारा सूरजगढ़ पधारे राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलवार को जीवन ज्योति रक्षा समिति के सदस्यों द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बेड से 100 बेड मे क्रमोन्नत करवाने के लिए समिति संरक्षक लोकतंत्रता सेनानी सज्जन अग्रवाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर सचिव बलवान भास्कर, सूचना मंत्री रविन्द्र सांगवान, संचालक अशोक जांगिड़, प्रदीप मान, मनीष जांगिड़, जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री को वाणिज्य संकाय खोलने के लिए सौंपा ज्ञापन




निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को सूरजगढ़ पधारने पर पूर्व सांसद संतोष अहलावत, चेयरमैन पुष्पा देवी गुप्ता, सेवाराम गुप्ता ने पालिका क्षेत्र के मण्डी स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में वाणिज्य संकाय शुरू करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शनिवार को सूरजगढ़ पधारे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान में उक्त विद्यालय में मात्र कला वर्ग ही है एवं सूरजगढ़ मण्डी क्षेत्र में व्यापारिक वर्ग की अधिकता अधिक है जिससे आम जनता द्वारा उक्त विद्यालय में वाणिज्य वर्ग खुलवाने हेतु बार–बार अनुरोध किया जा रहा है। उक्त विद्यालय में वाणिज्य वर्ग नहीं होने के कारण वाणिज्य वर्ग में पढ़ने वाले बच्चों को अन्यत्र निजि विद्यालयों में जाना पड़ता है। उक्त विद्यालय में वाणिज्य वर्ग खोलने की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्र के बच्चों को राहत प्रदान करें।

## कोतवाली पुलिस ने पकड़े चार स्थायी वारंटी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि थाना स्तर पर अलग–अलग टीमें गठित की गयी, जिनके द्वारा अभियान के तहत कानाराम वाल्मिकी, सत्यनारायण वाल्मिकी, निवासीगण वार्ड नं 23 लाडनू जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार सोनु उर्फ दलीप सिह, हनुमान धौरा,सुजानगढ़, जयप्रकाश, निवासी बांठिया चौक सुजानगढ को भी गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल रमेश कुमार, कांस्टेबल दीनदयाल, सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल वीरेद्र, सुनिता शामिल रहे।

# वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

जयशंकर जांगिड़




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी शहीद घनश्याम राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, इंडाली में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अभिभावक, ग्रामीणजन एवं भामाशाहों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। संस्था प्रधान सुरेंद्र कुमार डूडी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के विकास में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले भामाशाहों को माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भामाशाह ओमप्रकाश देग द्वारा स्टेज निर्माण, अध्यापिका प्रेरणा कुमारी कालेर द्वारा 80 फैंसी ड्रेस एवं साउंड सिस्टम, अध्यापिका सुमित्रा महला एवं पृथ्वीराज कंस्ट्रक्शन के मनीष लांबा द्वारा एमजेएसवाई योजना के अंतर्गत 40–40 हजार रूपये, महेंद्र सिंह रावना राजपूत द्वारा बाल वाटिका को एलईडी, रणवीर गोदारा एवं विकास जांगिड़ द्वारा बाल वाटिका हेतु फर्स, संस्था प्रधान सुरेंद्र कुमार डूडी द्वारा चार लेक्चर स्टैंड, सुरजीत सिंह शेखावत द्वारा टीटी टेबल, दिलीप देग द्वारा सीसीटीवी कैमरे, दयानंद खीचड़ एवं अध्यापिका अनीता डांगी द्वारा जूता वितरण, सहायक आचार्य खिलेश पाथिर एवं व्याख्याता सरिता बड़सरा द्वारा 11–11 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त गांव के सुरेश कांटीवाल, जमुनाधर कांटीवाल, शेर सिंह बेनीवाल, जय हनुमान सेवा केंद्र, मुरोत के बनवारी महला, भड़ौदा के महेंद्र ट्रेलर एवं झुंझुनूं के संदीप दड़िया द्वारा 51–51सौ रूपये का सहयोग दिया गया। जयसिंह महला द्वारा निःशुल्क टेंट एवं लाइटिंग व्यवस्था, कैलाश कुमावत द्वारा फोटोग्राफी तथा रणवीर लांबा द्वारा जनरेटर सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सत्र 2025–26 में लॉन टेनिस में राज्य स्तर पर खेलने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। वहीं रामावतार खीचड़ द्वारा सत्र 2024–25 में प्रत्येक कक्षा के टॉप तीन विद्यार्थियों को टिफिन देकर सम्मानित किया गया तथा राम सिंह धीवा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। गांव के वीरेंद्र सिंह एवं महावीर शर्मा द्वारा मिठाई वितरण की सुंदर व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण रामकिशन भैड़ा, महेश लांबा, अरविंद भालोठिया, रामावतार लामोरिया, संदीप कांटीवाल, सुल्तान कांटीवाल, जयराम शर्मा, जगदेव लांबा, विजयपाल लांबा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जिन्होंने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरी। अंत में संस्था प्रधान सुरेंद्र कुमार डूडी ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार सैनी ने किया।

## सिद्ध योगी परमहंस बाबा परमानंद की पुण्यतिथि आज

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** शेखावाटी सिद्ध पुरुष संतो की कर्म भूमि के रूप में जाना पहचाना जाता है। यहां पर सिद्ध पुरुष संतो ने शेखावाटी को अपनी कर्मभूमि बनाकर ईश्वर भक्ति करने का संदेश दिया । इस कड़ी में आज बात करते हैं शेखावाटी अंचल के एक ऐसे सिद्ध पुरुष संत परमहंस बाबा परमानंद की जिनकी पुण्यतिथि रविवार को रामानंद गिरी के आश्रम में धूमधाम से मनाया जाएगा। जीवनराम पाराशर व्यास परिवार के घर जन्म लेने के बाद बाल्यावस्था में कैदारा की शादी भले ही दस बारह साल की उम्र में गंगा देवी के साथ शादी कर दी थी लेकिन सांसारिक सुखों का त्याग कर ईश्वर भक्ति में लीन होने के लिए अपने पिता जीवनराम व्यास परिवार से निकल पड़े थे। उन्होंने लोसल में रामानंद गिरी संत को अपना गुरु बनाया और गुरु ने परमानंद नाम दिया इसके बाद परमानंद घने जंगलों में तपस्या करने निकल पड़े। लोहार्गल और झाड़ली तलाई को अपनी तपोभूमि बनाई थी। कई वर्षों तक कठोर तपस्या जंगलों में करने के बाद बाबा सिद्धी प्राप्त कर अपनी जन्मस्थली लोसल लोट आए। बाबा परमानंद की दिनचर्या अलग और विशेष थी। दिन में वे किसी मंदिर में चले जाते वहां पर परिक्रमा करने लग जाते इनकी परिक्रमा बाएं से दाएं विपरीत दिशा में होती थी। कभी कभी वे नगर भ्रमण पर भी निकल जाते थे ऐसे समय पर उनकी आंखें बंद होती वे किसी श्रद्धालू के कंधों को पकड़े हुए रहते थे। बाबा की कृपा दृष्टि से अनेकों का कल्याण हुआ। निसंतान दम्पत्तियो को पुत्र–रत्न प्राप्त हुए। असाध्य रोगियों को जीवनदान मिला। दांता ठाकुर मदन सिंह जी बालजी गुरूजी और बिहारी लाल जी गौड उनके भक्तों में विशेष भक्त थे।दांता ठाकुर मदन सिंह के पास बाबा आते जाते रहते थे। खाश बात तो यह है कि संन्यासी सम्प्रदाय में परमहंस की उपाधि मिलना अपने आप में बहुत बड़ी बात होती है। शेखावाटी अंचल में उस समय पर दो महायोगी को यह परमहंस की उपाधि मिली थी। जिसमे एक शेखावाटी चिड़ावा के संत बावलिया बाबा के नाम से जाने पहचाने जाते पंडित गणेश नारायण जी और दूसरी उपाधि लोसल के परमहंस बाबा परमानंद जी को मिली थी।इन दोनों महायोगियों की जीवनगाथा शेखावाटी अंचल में अब भी सुनने को मिलती रहती है। परमहंस बाबा परमानंद का दांता में सन् 1952 में माध शुक्ला पूर्णीमा को ब्रह्मलीन हो गए थे। मदन सिंह दांता ठाकुर ने ब्रह्मलीन बाबा को दांता से उनकी जन्मस्थली लोसल लेकर आए। यहां रामानंद गिरी के आश्रम में बाबा को समाधि दी गई। लोसल में रामानंद आश्रम के नाम से बाबा परमानंद का धाम है। बाबा का धाम पर माध शुक्ला पूर्णीमा को पुण्यतिथि महोत्सव मनाया जाता है। जहां पर दूर दूर से श्रद्धालु साधु–संत पहूंचकर श्रद्धा के शीश नवाते हैं। यूं तो रामानंद गिरी का आश्रम सदैव श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना रहता है लेकिन माध शुवला पूर्णिमा को यहां पर मेला सा लगा रहता है।

## विश्वकर्मा जयंती पर भक्ति, भव्यता और सामाजिक चेतना का संगम

### जांगिड़ समाज को शिक्षा व राजनीतिक जागरूकता का सशक्त संदेश दिया



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय कारूंडिया रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती पूरी श्रद्धा, उल्लास और समारोहपूर्वक धूमधाम से मनाई गई। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर आस्था और उत्सव का जीवंत केंद्र बना रहा। मंदिर पुजारी सुशील कुमार शर्मा के सान्निध्य में भगवान विश्वकर्मा का विधिवत अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया, नवीन वस्त्र धारण कराकर विशेष पूजा–अर्चना संपन्न हुई। भगवान को रिझाने के लिए सुरीली आवाजों में भजन–कीर्तन हुए, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर पूरे मंदिर को विद्युत साज–सज्जा तथा रंग–बिरंगे सुगंधित फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंगलम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चन्द्र जांगिड़ सहित बनवारी लाल जांगिड़, जगदीश प्रसाद जांगिड़, लादूराम जांगिड़, हरिकिशन जांगिड़, विधाधर जांगिड़, नवल किशोर जांगिड़, विनोद जांगिड़, मोतीलाल जांगिड़, शिवकुमार जांगिड़, भागीरथ प्रसाद जांगिड़, जनार्दन जांगिड़, नागरमल जांगिड़ सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने जांगिड़ समाज को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए उच्च शिक्षा, प्रोफेशनल शिक्षा के साथ–साथ राजनीतिक जागरूकता को अनिवार्य बताते हुए समाज को संगठित और जागरूक होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जांगिड़ समाज के गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। विश्वकर्मा जयंती का यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि सशक्त, शिक्षित और जागरूक समाज की दिशा में स्पष्ट संदेश बनकर सामने आया।

# प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का कार्यकर्ताओं ने किया अभूतपूर्व स्वागत

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने शनिवार को जयपुर से सालासर की यात्रा की। इस दौरान रास्ते में करीब 100 से ज्यादा जगहों पर बगड़ी का स्वागत सत्कार किया गया। यात्रा जयपुर से सुबह करीब 9 बजे शुरू हुई थी जो देर शाम को सालासर पहुंची। यहां पर प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी के जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बगड़ी का ऐतिहासिक स्वागत किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सबसे पहले मेरा मुख्य प्रोग्राम तो था कि लंबे समय से स्वास्थ्य खराब होने के बाद में मुझे सालासर बालाजी के दर्शन करने थे। यह मेरी दिल से इच्छा थी कि मैं सालासर बालाजी के दर्शन करूं। लेकिन समय की व्यवस्था व स्वास्थ्य की वजह से नहीं कर पाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में जिस प्रकार से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुझ पर विश्वास जताते हुए पुनः महामंत्री पद का दायित्व दिया और उसके बाद सालासर बालाजी और खाटूश्याम जी दर्शन करने की बड़ी इच्छा थी। सभी भाईयों का कहना था कि हम सब लोग साथ चलेंगे और सभी का आभार प्रकट करना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे भाई व हमारी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर जो स्वागत एवं ऐतिहासिक अभिनंदन किया, स्नेह सीकर जिले के सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने दिया है पूरी पार्टी, जिलाध्यक्ष, सभी जनप्रतिनिधि सबका आभार प्रकट करना चाहूंगा कि इतना स्नेह प्यार इन्होंने मुझे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज पूरे देश का मान सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ रहा है उसी प्रकार से राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ने विकसित राजस्थान का सपना देखा है। उस सपने को पूरा करने के लिए संगठन से जिले और बूथ तक का कार्यकर्ताओं सभी लोग लगे हुए है। उन्होंने कहा सत्ता और संगठन का तालमेल जो राजस्थान में देखने को मिल रहा है वह भी एक अद्भुत है। क्योंकि जिस गति से और जिन योजनाओं के साथ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान की साढ़े आठ करोड़ जनता के भविष्य को ध्यान में रखते हैं उनकी हर इच्छा शक्ति को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। पिछले ढाई साल के अंदर अगर आप मुख्यमंत्री के कामों की अगर समीक्षा करेंगे तो आप देखेंगे कि पिछले 5 सालों के अंदर कभी इतनी कार्यक्रम नहीं हुए है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों ने सिर्फ झूठी घोषणाएं और शिलान्यास का काम किया है। लेकिन आज तक वह काम कभी भी पूरा नहीं हुआ सिर्फघोषणा की। कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनाव नहीं होते हुए भी पहले साल से ही राजस्थान की जनता को संभालने का काम कर रहे हैं। राजस्थान के आगामी बजट पर बोलते हुए प्रदेश महामंत्री बगड़ी ने कहा कि शेखावाटी से जुड़ा हुआ यमुना जल समझौते का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा था और राजस्थान का युवा अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहा था। क्योंकि राजस्थान के युवाओं के साथ में जिस प्रकार का कुठाराघात हो रहा था और इस सीकर जिले के नेता जिस प्रकार का बयान देते थे और नाथी का भाड़ा पूरे राजस्थान को इन्होंने बना दिया था उन लोगों को भी धरातल पर अब देखने को मिलेगी क्योंकि जनता सर्वोपरी है। उन्होंने कहा जनता ने देखा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार की थोथी घोषणाएं, झूठ बोलकर एक बार तो सत्ता में आ गए थे लेकिन अब जनता समझ चुकी है। कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में और भारतीय जनता पार्टी की जो डबल इंजन की सरकार है वह जिस गति के साथ में विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है उस विकास के मार्ग को आगे बढ़ाना चाहिए। युवाओं, महिलाओं, किसानों ने सब लोगों ने देखा है कि सही में राजस्थान का विकास भारतीय जनता पार्टी कर सकती है और कांग्रेस के लोग सिर्फएक झूठी घोषणाएं करते है। उन्होंने कहा थोड़े दिनों पहले मैंने मीडिया में अभी देखा था कि डोटासरा एक मीडिया बाइट दे रहे हैं कि मेरे गांव बगड़ी में एक पीएचसी बनी हुई और पीएचसी का हम लोग उद्घाटन करना चाहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री ने उद्घाटन कर दिया। इतना झूठ इन्होंने बोला जबकि उस सीएचसी का सभी पीएचसी का मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया है। कहा कि बगड़ी की उस सीएचसी का भव्य उद्घाटन भी हम ही करेंगे। कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल सिर्फ काम में विश्वास रखते हैं। उनका काम है सिर्फ काम करनाए जनता को किस प्रकार से अनेक सुविधाएं मिले और समय पर सुविधाएं मिले ताकि इनको किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान का सपना मुख्यमंत्री ने देखा है उस सपने को पूरा करने में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में हमारा संगठन पूरा लगा हुआ है और राजस्थान की जनता का भी पूरा आशीर्वाद मिल रहा है। वीबीजी रामजी पर बगड़ी ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल विरोध करने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कोई भी योजना लाते हैं तो इनका मकसद है उस योजना का विरोध करना। बीवी जी राम जी में राम जी का नाम आने से उनको सिर्फइसी से ऐतराज होने लगा है। जबकि इस योजना से ग्रामीण इलाके अधिक विकसित होंगे। भाजपा कार्यालय में प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी, गजानंद कुमावत, श्रवण चौधरी, मधू कुमावत, राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, रमेश जलधारी, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, जितेंद्र माथुर, वरूण कुशलेश शर्मा, प्रभुसिंह सेवद, श्रीहरि बियाणी, जयदीप सिंह, नंदकिशोर सैनी, भजनलाल टेलर, अनिता शर्मा, गोविंद बिजारणियां, महेश खोखर, प्रियंका बाजिया, शंकरलाल यादव आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका को दी सेवानिवृत्ति विदाई

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आंगनबाड़ी केंद्र गढ़टकनेत की सहायिका प्रेमलता सैन की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर उन्हें महिला बाल विकास विभाग की तरफ से भावभीनी सेवानिवृत्ति विदाई दी गई जिसमें अजीतगढ़ केंद्र की सुपरवाईजर पुष्पा वर्मा सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र की तमाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, ग्राम साथियों एवं आशा सहयोगिनियों ने भाग लिया। डीजे पर निकले विदाई समारोह में मातृशक्ति ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने प्रेमलता सैन के कार्यकाल की मुक्तकंठ से सराहना की। उनके सुपुत्र रमेश सैन ने बताया कि सेवानिवृत्ति के पहले दिन शुक्रवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ कराए गए और शनिवार सेवानिवृत्ति के दिन 31 जनवरी को चूरमा–दाल–बाटी की पंगत प्रसादी खिलाकर सेवानिवृत्ति समारोह मनाया गया। गांव और मौहल्ले की औरतों ने प्रेमलता सैन को उपहार भेंट कर सेवानिवृत्ति विदाई दी। उपस्थिति जनों ने प्रेमलता सैन के मंगलमय भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## स्वामी समाज का होगा अधिवेशन

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शनिवार को चुना चौक स्थित गौ संवर्धन संस्थान कार्यालय में स्वामी समाज की बैठक हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि सोमवार को सुबह 10 बजे स्वामी समाज का अधिवेशन गौ संवर्धन संस्थान कार्यालय पर होगा। स्वामी समाज के कार्यालय प्रभारी हरीश स्वामी ने बताया की उक्त अधिवेशन में संत सम्मेलन, छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह, खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, समाज की वीरांगना व सरकारी सेवा में चयनित होने वाले समाज बंधुओं का सम्मान करने सहित समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने हेतु अधिवेशन में विचार विमर्श किया जाएगा। सुरेंद्र स्वामी खेतड़ीवाले, प्रवीण स्वामी, इंद्र कुमार स्वामी, मोहन लाल स्वामी जाखोद, कार्यवाहक अध्यक्ष आशुतोष स्वामी, मनीष स्वामी मुकुंदगढ़, हरीश स्वामी, कमल स्वामी, आशु स्वामी अडुका, दीपक स्वामी मंडेला रोड, संजय स्वामी सुभाष स्वामी बबाई चिरंजीलाल स्वामी अडुका निरंजन लाल स्वामी ओजटू शैलेश स्वामी व अन्य स्वामी समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



# तेजाजी महाराज की मनाई जयंती

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ में राष्ट्रीय जाट महासभा प्रदेश कार्यालय में श्री वीर तेजाजी महाराज और श्री विश्वकर्मा भगवान की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक, शौर्य जाट शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामनिवास जाट, श्रीराम भामा, बलराम खिलेरी, भगवान घोडेला, महावीर पोसवाल, भवानी सिंह, गिरधारीलाल जाट माली, हरिराम भामू, अशोक किलका, भवानी सिंह सांवरमल तेतरवाल, रीछपाल तेतरवाल, मुकेश मेघवाल सरपंच मलसीसर, बाबूलाल नायक, रामनारायण सारण, लालाराम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र किलक ने कहा कि भगवान तेजाजी और विश्वकर्मा के संदेश और शिक्षाएं आज मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

# विश्वकर्मा जयन्ती पर गाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय जॉगिड़ ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई है। प्रातः विश्वकर्मा मन्दिर में हवन और पूजन के उपरान्त भगवान विश्वकर्मा की शोभा एवं कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा गांधी चौक, मुख्य बाजार, धंटाघर, स्टेशन रोड़ होते हुये विश्वकर्मा भवन पहुंची। सैकड़ों महिलाए पुरूष एवं युवाओं ने इसमें भाग लिया। भगवान विश्वकर्मा की मनोरम झांकी भी सजाई गई। विश्वकर्मा भवन में वार्षिक आम-सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष ओमप्रकाश सीलीवाल द्वारा आगंतुकों एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। मंत्री श्याम जायलवाल द्वारा समिति का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय.व्यय का लेखा-जोखा पेश किया गया। जिसका उपस्थित सभा मण्डल द्वारा करतल ध्वनि से अनुमोदन किया गया। समाज की प्रतिभा डॉ. आदित्य बोदलिया, डॉ. मूरलीधर अठवासियां एवं डॉ. पिंकी बोदलिया को सम्मानित किया गया। अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। कार्यक्रय के मुख्य अतिथि नानूराम सीलक, विशिष्ट अतिथि रामाकिशन धामू, डूगंरमल गोपाल, जवाहरमल लामड़ीवाल, डॉ. नीलम दम्मीवाल, शारदा आर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश धामू एवं ट्विकंल झींटावा ने किया।

# अमित शाह का दावा : 2026 में बंगाल में तृणमूल की विदाई तय

नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में अब तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है और वर्ष 2026 राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव लेकर आएगा।

### बंगाल में सरकार बनाना देश की सुरक्षा के लिए जरूरी: शाह

अमित शाह ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनाना केवल राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा के लिए जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ती घुसपैठ अब सिर्फ बंगाल का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुकी है।

### सीमा सुरक्षा पर राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने जानबूझकर सीमा सुरक्षा को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मांगती रही, तब राज्य सरकार ने सहयोग नहीं किया। इसके चलते सीमा पर फेंसिंग का काम अधूरा रह गया।

### घुसपैठियों को फर्जी दस्तावेज देकर देशभर में भेजने का आरोप

अमित शाह ने कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को न पटवारी रोकते हैं और न पुलिस, बल्कि फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पूरे देश में भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब यह मुद्दा संसद में उठाया गया, तो तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इसका विरोध किया।

### हाई कोर्ट ने भी माना, जमीन देने में नहीं कर रही थी सहयोग: शाह

गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि अब कलकत्ता हाई कोर्ट ने भी यह माना है कि ममता बनर्जी सरकार बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन देने में सहयोग नहीं कर रही थी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने बीएसएफ को तय समयसीमा के भीतर जमीन देने का आदेश दिया है, ताकि सीमा सुरक्षा मजबूत की जा सके।

### 'माटी-मानुष' के नारे पर तंज, महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी माटी और मानुष का नारा देकर सत्ता में आई थीं, लेकिन आज महिलाएं असुरक्षित हैं, जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा है और आम लोग तृणमूल सिंडिकेट से परेशान हैं।

### 45 दिनों में बॉर्डर फेंसिंग पूरी करने का वादा

सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो 45 दिनों के भीतर सीमा पर फेंसिंग का काम पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने असम, गुजरात और राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां घुसपैठ रुक चुकी है।




### मतुआ-नामशूद्र समुदाय को डराने का आरोप

शाह ने ममता बनर्जी पर मतुआ और नामशूद्र समुदाय को डराने का आरोप लगाया। उन्होंने मंच से इन समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, यह लोकतंत्र है और वोट आपका अधिकार है, ममता बनर्जी आपके वोट को छू भी नहीं सकतीं।

### एनआरसी पर भी घेरा, वोटर लिस्ट से नाम हटाने की बात

गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी चाहे जितना एनआरसी का विरोध कर लें, लेकिन घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने ही होंगे। उन्होंने दावा किया कि यदि कोई घुसपैठिया बच भी जाता है, तो भाजपा का मुख्यमंत्री आकर उसे हटाने का काम करेगा।

### भ्रष्टाचार पर खुली चुनौती, टिकट न देने पर तंज

अमित शाह ने ममता बनर्जी को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें सच में हिम्मत है, तो वे भ्रष्ट नेताओं को टिकट न देकर दिखाएं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा वे कभी नहीं कर पाएंगी, क्योंकि टिकट कटते ही वही लोग उनके भतीजे का नाम उजागर कर देंगे।

# ईरान के कई शहरों में विस्फोट, 5 की मौत

## 14 घायल, इजराइल बोला- धमाके में हमारा कोई रोल नहीं

तेहरान।

ईरान के कम से कम 7 शहरों में धमाकों की खबर है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को राजधानी तेहरान, परंद, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में विस्फोट के दावे किए गए हैं। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के मुताबिक कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है और 14 घायल हैं। ईरान सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि इजराइल के दो अधिकारियों ने मीडिया से कहा है कि इन विस्फोटों में इजराइल शामिल नहीं है। वहीं, समाचार एजेंसी तसनीम ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें कहा जा रहा था कि रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना कमांडर को निशाना बनाया गया था।

### अहवाज में धमाके से इमारत का हिस्सा उड़ गया

सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स के मुताबिक, अहवाज में एक रिहायशी इमारत में गैस विस्फोट हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। वहीं बंदर अब्बास में एक इमारत में विस्फोट हुआ, जिससे उसकी दो मंजिलें टूट गईं और कई दुकानें भी तबाह हो गईं। इस धमाके में कुल 14 लोग घायल हुए।



सरकारी टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में देखा गया कि इमारत का सामने का हिस्सा पूरी तरह उड़ गया है, अंदर का हिस्सा साफ दिखाई दे रहा है और आसपास मलबा फैला हुआ है। बंदर अब्बास के रेस्क्यू डिपार्टमेंट के अधिकारी ने ईरानी समाचार एजेंसी को बताया कि इस घटना में घायल हुए लोगों को इमरजेंसी सर्विसेज की मदद से अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

**ईरान में 35 दिन से सरकार के खिलाफ विरोध**

**प्रदर्शन जारी**-यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब ईरान में हालात तनावपूर्ण हैं। सरकार के 28 दिसंबर को देशव्यापी प्रदर्शन शुरू हुए थे, जो अब भी जारी हैं। एक ईरानी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि इन प्रदर्शनों में कम से कम 5,000 लोग मारे गए, जिनमें 500 सुरक्षाबल के सदस्य भी शामिल थे। दूसरी तरफ हाल ही में अमेरिका ने बढ़ते तनाव के बीच इस क्षेत्र में एक एयरक्राफ्ट कैरियर तैनात किया है।

# उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन

नई दिल्ली

गोहाना की प्रसिद्ध जलेबी की मिठास के बीच फरीदाबाद के सूरजकुंड में 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव की शुरुआत हो गई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'लोकल से ग्लोबल- आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित इस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सूरजकुंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने दीप



प्रज्वलित कर महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला आधारित एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों को गोहाना की जलेबी खिलाकर स्वागत किया गया। महोत्सव के उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध लोक कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। यह शिल्प मेला 15 फरवरी तक चलेगा। आयोजन हरियाणा पर्यटन निगम के साथ केंद्रीय पर्यटन, वस्त्र, संस्कृति और विदेश मंत्रालयों के सहयोग से किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड मेला कला और शिल्प का ऐसा महाकुंभ है, जिसकी पहचान न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी प्राचीन विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है।

# योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी बनेगा फार्मा और मेडिकल डिवाइस हब

नई दिल्ली

योगी सरकार उत्तर प्रदेश को देश का फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसी क्रम में 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में फार्मा कॉन्क्लेव 1.0: इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश का आयोजन किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव के जरिए प्रदेश में फार्मा सेक्टर में निवेश, नवाचार और उत्पादन को नई गति देने की तैयारी है।

### लखनऊ में होगा फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 का आयोजन

इस कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे।

### कैबिनेट और राज्य मंत्रियों की रहेगी मौजूदगी

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और राकेश सचान, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और जसवंत सिंह सैनी तथा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्र दयालु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। एफएसडीए सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में फार्मा और मेडिकल डिवाइस सेक्टर को रीढ़ के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए सरकार बुनियादी ढांचे, नीतिगत सुधारों और निवेशकों के अनुकूल वातावरण पर लगातार काम कर रही है।

### देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियों की होगी भागीदारी

फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में देश और दुनिया की अग्रणी फार्मा कंपनियों के शीर्ष प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इनमें रामकी ग्रुप के चेयरमैन एवं राज्यसभा सदस्य अयोध्या रामी रेड्डी, सन फार्मा के चेयरमैन दिलीप सांघवी, मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन रमेश जुनेजा, डॉ. रेड्डीज के चेयरमैन डॉ. सतीश रेड्डी, ज़ाइडस लाइफ साइंसेज के चेयरमैन पंकज आर. पटेल और टोरेंट फार्मा के वाइस चेयरमैन जीनल मेहता शामिल हैं।

### निवेश, रिसर्च और इनोवेशन पर होगा मंथन

इसके अलावा कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में एमएसएन लेबोरेटरीज के एमएसएन रेड्डी, डाबर के निदेशक आदित्य वर्मन और एलकेम के निदेशक संदीप सिंह की भागीदारी भी रहेगी। ये सभी उद्योग जगत के दिग्गज उत्तर प्रदेश में निवेश, उत्पादन, अनुसंधान और नवाचार की संभावनाओं पर विस्तृत मंथन करेंगे।

### प्रमुख फार्मा संगठनों का मिलेगा सहयोग

कॉन्क्लेव का आयोजन इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए), इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए), बल्क ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीडीएमएआई), ऑर्गनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया (ओपीपीटी) और फेडरेशन ऑफ फार्मा आन्ट्रप्रनर्स (एफओपीई) जैसे प्रमुख संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है।

# पूर्व में जब्त की गई ढाई करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ नष्ट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस आयुक्तालय जयपुर दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए करीब 2.56 करोड़ रुपए मूल्य के अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 52 के तहत औषधि व्ययन समितिए जयपुर दक्षिण की निगरानी में की गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि दक्षिण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों-प्रतापनगर, शिप्रापथ, शिवदासपुरा, अशोक नगर, कोटखावदा, महेश नगर, मानसरोवर, मुहाना, श्याम नगर और सांगानेर सदरकृमें पूर्व में की गई पुलिस कार्रवाइयों के दौरान जब्त किए गए मादक पदार्थ गांजा दृ 190 किलो 547 ग्राम, डोडा पोस्त-217 किलो 634 ग्राम, स्मैक-624 ग्राम 300 मिलीग्राम, एमडीएम, -122 ग्रामएकोकीन-20 ग्राम 53 मिली ग्राम, अन्य मादक पदार्थ-29 ग्राम 59 मिलीग्राम, तथा एमडी कैप्सूल-76 नग को विधिवत नष्ट किया गया। इन सभी मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 56 लाख 75 हजार 110 रुपए आंकी गई है। नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पर्यावरण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। ताकि नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके।

# पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में निजी विद्यालय मारुति स्कूल के अध्यापक द्वारा नाबालिग छात्राओं को आपत्तिजनक वीडियो दिखाने एवं उनके साथ गंदी बात करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर शनिवार को पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने शहर के 65 वर्षीय व्यक्ति की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि 65 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसकी पुत्र की बेटी एवं एक अन्य बालिका शहर की एक निजी स्कूल में पढ़ती है, जिनकी उम्र सात व आठ साल है। स्कूल का एक अध्यापक, जो अपने आप को स्कूल के प्रधानाचार्य का बेटा बताता है, उसने इन बालिकाओं को आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर गंदी गंदी बातें करता है। जब बालिकाओं द्वारा परिजनों को घटना के बारे में बतायाए तो उलाहना दी। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ ऊंची आवाज में बात करते हुए धमकी दी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की जांच सीआई गौरव खिड़िया कर रहे हैं।

# विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आज रविवार को सेठ बुद्धमल दुगड़ राजकीय नेहरू स्टेडियम में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दुओं में समरसता, कुटुम्ब भाव, परस्पर स्नेह, समर्पण तथा भारतीय संस्कृति, को अपनाने हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:15 बजे भारतवर्ष की सुख, समृद्धि और उत्थान तथा विश्व बंधुत्व की मंगलकामना के लिए किए जा रहे महायज्ञ के साथ होगा। कार्यक्रम में आचार्य कृपाचार्य महाराज का उद्बोधन तथा बालक बालिकाओं द्वारा रंगारंग नाट्य प्रस्तुति दी जायेगी तथा साधु संत एवं सुयोग्य जनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण की सुरक्षा पर आधारित शिक्षाप्रद प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में भारतीय सभ्यता और संस्कृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुषों के चित्र व सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। शिवाजी बस्ती की आयोजन समिति ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# गुमशुदगी दर्ज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में परिजनों के साथ खाना खाकर सोई 20 वर्षीय युवती घर से लापता हो गई। घटना को लेकर युवती की 45 वर्षीय मां ने पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया शहर की रहने वाली 45 वर्षीय महिला द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि गुरुवार की रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर सोए थे। शुक्रवार की सुबह जब उसने चाय बनाई, तो अपनी पुत्री को आवाज दी, जिस पर उसने कोई जबाब नहीं दिया। जब कमरे में जाकर देखा, तो वह नहीं मिली। सब जगह उसकी तलाश कीए लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई भंवरसिंह कर रहे हैं।

# प्रिंस एकेडमी लोटस वैली के 1300 से अधिक विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** प्रिंस महोत्सव के छठे दिन पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस एकेडमी एवं लोटस वैली के कक्षा 7वीं से 9वीं के विद्यार्थियों का भव्य वार्षिक उत्सव फेस्टिनो डे-2 का आयोजन हुआ। समारोह में 1300 से अधिक विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने परमावतार, स्काई फोर्स, जनाब-ए-अली, महावतार नरसिम्हा, फ्रेंडशिप, ए.आई. थीम, नवदुर्गा, कहे कान्हा, जय बजरंग बली, छावा, हॉरर, केसरी, विश्वंभरी आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, ब्रिगेडियर राजकुमार बलवदा, प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, शिप्पी सुण्डा, निरुपम सुण्डा सहित एकेडमिक हेड, कोर्डिनेटर्स एवं शिक्षकों सहित हजारों की संख्या में अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर एकेडमिक एक्सीलेंस एवं स्पोर्ट्स अचीवर्स को सम्मानित भी किया गया।

# दो दिवसीय अंतर संकाय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्य विनीता चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह.शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एस. आर. बालान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की उपलब्धियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य धन्ना राम जानू ने किया। खेलकूद प्रभारी प्रमोद कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# केंद्रीय बजट से मजबूत होगा बुनियादी ढांचा : मदन राठौड़




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच शनिवार को एकदिवसीय दौरे पर झुंझुनू पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय झुंझुनू में जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत होने वाला बजट देश के बुनियादी ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने वाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट रोडमैप विकास आधारित है, जिसमें आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही योजनाएं जनहिताय व जनसुखाय की भावना से प्रेरित हैं ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। यही भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प है, जिसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राठौड़, शिक्षा मंत्री दिलावर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष दाधीच का शहर में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वीर तेजाजी धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुख्य सोडाला स्थित सत्यवादी वीर तेजाजी धाम एवं तेजेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को 952वां वीर तेजाजी जन्मोत्सव श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। माघ मास की चतुर्दशी के शुभ अवसर पर आयोजित जन्मोत्सव में सुबह से ही श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। वीर तेजाजी महाराज का विधिवत अभिषेक, श्रृंगार एवं आरती संपन्न कराई गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने दर्शन कर बाबा तेजाजी से सुख.समृद्धि और संकट निवारण की कामना की। जन्मोत्सव के दौरान तेजेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर को फुल-मालाओं एवं सजावटी विद्युत झालरों से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया। जिससे उत्सव का उल्लास और बढ़ गया। भक्तों ने परंपरा के अनुसार बाबा तेजाजी का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया, वहीं भजन-कीर्तन और बधाई गान से वातावरण गूंज उठा। दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और देर शाम तक दर्शन के लिए कतारें लगी रहीं। इस दौरान बाबा की फुलों की झांकी सजाई गई। जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। वहीं कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसके सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इस दौरान मंदिर स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं को संभालते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। गौरतलब है कि वीर तेजाजी महाराज का जन्म विक्रम संवत 1130 ;29 जनवरी 1074 ई. को राजस्थान के नागौर जिले के खरनाल गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम ताहड़देव धोलिया जाट तथा माता का नाम रामकंवरी बताया गया है। बचपन से ही तेजस्वी व्यक्तित्व के कारण उनका नाम तेजाजी पड़ा। उनका विवाह रायला गांव के सरदार रायमल की पुत्री पेमल से हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार वीर तेजाजी ने एक गाय की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। वचन निभाने के लिए उन्होंने जीवित रहते हुए सर्प से डसवाया और भाद्रपद शुक्ल दशमी विक्रम संवत 1103 को उनका निधन हुआ। उनकी पत्नी पेमल भी उनके साथ सती हो गई थीं। राजस्थान में वीर तेजाजी को लोकदेवता के रूप में पूजा जाता है। उन्हें भगवान शिव का अंशावतार माना जाता है और विशेष रूप से सर्पदंश से रक्षा करने वाले देवता के रूप में श्रद्धालु उनकी आराधना करते हैं। मान्यता है कि वीर तेजाजी के आशीर्वाद से सर्प विष का प्रभाव समाप्त हो जाता है।

# आगामी केंद्रीय बजट पर की अहम चर्चा

**जयपुर ( नवयत्न )।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स केट राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने नागपुर में केट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश में व्यापारी हितों को लेकर किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। मुलाकात के दौरान मंगोड़ीवाला ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर लघु एवं मध्यम उद्योगों, खुदरा विक्रेताओं तथा व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि देशभर के व्यापारियों के लिए नीतिगत सुधार, निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं और व्यापार-अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने हेतु केट के माध्यम से वित्त मंत्री को सुझाव दिए जाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 6 प्रतिशत से घटाने तथा जयपुर ज्वेलरी उद्योग को विशेष प्रोत्साहन देने की मांग भी रखी। साथ ही, जयपुर में व्यापारियों के हित में एक राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतिया को आमंत्रित किया। मुलाकात को व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए दोनों नेताओं ने आगामी बजट से व्यापार जगत को सकारात्मक उम्मीदें जताईं।

# दुर्घटना में राहगीर की मृत्यु

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मोटरसाइकिल की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक के भतीजे चुन्नीलाल नाई निवासी धाँ चारणान द्वारा पुलिस को दी गयी है। जिसके अनुसार शुक्रवार दिन मे करीब 3 बजे धाँ चारणान निवासी केशुराम नाई 46, जो कि अपने भतीजे के साथ मलसीसर गौशाला की ओर से पैदल धाँ जा रहा था, अचानक मोटरसाइकिल सवार ने पीछे से केशुराम को टक्कर मार दीए जिससे वो सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में केशुराम को सिर पर चोट आई। जिसे सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार दिन मे सालासर पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# वीबीजी राम जी में रामजी शब्द आने पर ही कांग्रेस कर रही है विरोध : बगड़ी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की ओर से वीबीजी राम जी को लेकर जिला सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी व प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह रही और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। सम्मेलन में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी, गजानंद कुमावत, श्रवण चौधरी, मधू कुमावत आदि मंचस्थ रहे। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया। जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि वीबीजी राम जी विधेयक का कांग्रेस केवल रामजी शब्द आने से ही विरोध कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम गरीब को ध्यान में रखकर यह योजना बनाई है। योजना में अब 100 दिन




के रोजगार की जगह 125 दिन किया गया है। रूपये सात दिन में मजदूरों के सीधे खाते में आएगा। पहले भ्रष्टाचार चरम पर था अब जीरो टालरेंस पर काम होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम ही विरोध करना है। उन्होंने कहा कि पूरी योजना ग्रामीण मॉडल पर तैयार की गई है। गांव का विकास होगा तो शहर का होगा फिर राजस्थान व भारत का विकास होगा। प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह ने कहा कि भाजपा किसी भी योजना का नाम ईश्वरीय शक्ति के नाम पर करती है जबकि कांग्रेस केवल अपनी पार्टी के व्यक्ति पर योजना का नाम करती रही है। कहा कि कांग्रेस के पास केवल अब बिना काम का बवाल करने का काम रह गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब इस योजना में परिसंपतियों के निर्माण को मंजूरी दी है। जबकि कांग्रेस ने योजना में खड्डे खोदने का काम किया था। कहा कि अब योजना में सड़क, तालाब, रोड सहित विकास के काम होंगे। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से वीबीजी राम जी विधेयक को आमजन तक पहुंचाने के लिए कहा। जिला सम्मेलन को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भी संबोधित किया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि जिला सम्मेलन में जिला महामंत्री राजेश रोलन व रामवतार रूंथला, उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, श्रीहरि बियाणी, प्रभुसिंह सेवद, मंजू वर्मा, अर्चना पुरोहित, अनिता शर्मा, प्रियंका बाजिया, रामचंद्र बगड़िया, सुमित गुर्जर, मूलचंद रणवां, महेश संबल, वरूण कुशलेश शर्मा, सरोज कड़वासरा, अनुराधा, प्रियंका बाजिया, नंदकिशोर सैनी, भजनलाल टेलर, भंवर प्रकाश शर्मा, राजकुमार महला, महेश खोखर, शंकरलाल यादव, अशोक चौधरी, भंवरी खोखर, राजकुमार किरोड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण सेवी कच्छावा कर्णधार सम्मान से सम्मानित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )। स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और पर्यावरण सेवी डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा को नागौर के मांझवास गांव में संत शिरोमणि भक्त फुलां बाई स्मृति संस्थान द्वारा कर्णधार सम्मान प्रदान किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष पदम्श्री हिम्मताराम भामू ने भक्त फुलां बाई की 350 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर डॉण् घनश्याम नाथ कच्छावा को शॉलए पुष्पाहार, मंदिर छवि और अभिनंदन पत्र भेंट किया। इस अवसर पर पर डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने इस ऐतिहासिक और राम भक्ति के महत्वपूर्ण आराध्य स्थल पर यह सम्मान प्राप्त करने को अपना सौभाग्य माना। ज्ञातव्य है कि मीरां बाई की तरह भक्त फूलां बाई मारवाड़ क्षेत्र की एक ऐतिहासिक और सिद्ध संत रही हैं। उनकी आध्यात्मिक शक्तियों से चमत्कार के किस्से लोक में बहुत प्रसिद्ध हैं।**

# भगवान पार्श्वनाथ की निकाली दिव्य शोभायात्रा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर के 112 वें प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दूसरे दिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ट्रस्टी सुनील सिंघी ने बताया कि सुबह भगवान पार्श्वनाथ की जाजम के तहत प्रक्षाल, केशर चंदन पूजा, शांति कलश, मंगल पूजा, आरती, मां पद्मावती की प्रक्षाल, केसर चंदन पूजा, शांति कलश, मंगल पूजा, आरती आदि की बोलियां लगाई गई। दोपहर बाद भगवान पार्श्वनाथ की शोभायात्रा परम्परागत लवाजमे के साथ सिंघी मंदिर से निकाली गईए जो कोठारी बास व अन्य क्षेत्रों से होकर निकली।

अनेकों घरों पर शोभायात्रा के पहुंचने पर पूजा अर्चना की गई। गाजे बाजे व धार्मिक कीर्तन के बीच शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शाम को भगवान पार्श्वनाथ की दिव्य आरती हुई। आरती में अशोक सिंघी, प्रकाश सिंघी, यशवंद



सिंघी, दीपचंद सिंघी, निवेदिता सिंघी, कमला सिंघी, अरविंद सिंघी, राजकुमारी दुग्गड़, निर्मला देवी दुग्गड़ सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं भगवान का दिव्य श्रृंगार रोज किया जा रहा है और मंदिर परिसर को भी दिव्य रूप से सजाया गया है।

# तोलियासर भैरू बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** ललित दाधीच तोलियासर भेरूजी महाराज का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मंदिर परिसर में मनाया गया। पांच दिवसीय ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के तहत मंदिर परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए । वही शुक्रवार रात्रि को मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें पिलानी की भजन गायिका नेहा महेश्वरी व नवीन आचार्य सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा एक बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी जिस पर श्रद्धालु गण नाचने पर मजबूर हो गए । शनिवार को मंदिर परिसर में हवन यज्ञ एवं महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य यजमान भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, दीपक कुंडलिया, मांगीलाल कुंडलिया, आदि के सानिध्य में यज्ञ संपन्न हुआ यज्ञ संपन्न के बाद मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम पांडे के द्वारा बाबा की महाआरती एवं ज्योत का आयोजन हुआ। जिसमें राजलदेसर ही नहीं अपितु आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया । महाआरती के बाद बाबा को महाप्रसाद का भोग लगाया गया उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ । जिसमें देर शाम तक 15000 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद



ग्रहण किया । वहीं देर शाम तक भक्तगण मंदिर परिसर में बाबा के दर्शन के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए साथ ही पंडाल में भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया जिसमें पूरे दिन भर बाहर के एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दी जिसमें भेरू बिल मायोण्ण् भेरुनाथ का गुगरिया मेरे घर राम आए हैं, आदि भजनों पर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हुए इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तरह के फुलों से सजाया गया एवं शानदार डेकोरेशन किया गया । इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के संपन्न होने पर भैरू भक्त मंडल के सभी सदस्यों ने कस्बे वासियों का आभार जताया कार्यक्रम में पन्नालाल दूगड़, नरपत सिंह बैंद, पंडित देवकीनंदन दाधीच, कमल दूगड़ एखेमचंद बरडिया, राजकरण विनायक, लालचंद पांडे, पवन पांडे, जेपी पांडे, कमल नाहटा, देवेंद्र, मूलचंद सोनी, एडवोकेट रोहित मारूए संजय बैंद, मुकेश श्रीमाल सहित अनेकों भैरव भक्त मण्डल के सदस्य मौजूद रहे ।

# जिले को निरस्त कर सरकार ने की जिलों की भ्रुणहत्या : मनोज मेघवाल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा है कि शेष कार्यकाल के लिए कोई ठोस रोडमैप सरकार का नजर नहीं आता। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों के लिए भी किसी स्पष्ट योजना के अभाव पर मेघवाल ने सवाल उठाए गए। मेघवाल ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में 54 पंचायत समितियां और 3,500 ग्राम पंचायतें बनाने की घोषणा विरोधाभासी है। क्योंकि जिलों को समाप्त करने वाली सरकार अब नई इकाइयों की बात कर रही है। प्रदेश में यूरिया-डीएपी का भारी संकट है, लंबी कतारों के बावजूद खाद नहीं मिल रही। बिजली आपूर्ति घटने से नलकूप ठप हैं और सिंचाई.जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। पेयजल संकट पर चेतावनी देते हुए मेघवाल ने कहा कि सर्दियों में ही हालात खराब हैं और गर्मियों में स्थिति और बिगड़ सकती है। जल जीवन मिशन के तहत बने टैंक पाइपलाइन अधूरी होने से बेकार पड़े हैं और फाइलें दो साल से अटकी हैं। कॉलेज भवनों के उद्घाटन, जेल सुरक्षा में मोबाइल जैमर न लगने और बढ़ते साइबर अपराध पर भी सरकार को विधायक ने घेरा। खाद वितरणए बिजली बहाली, ट्यूबवेल मरम्मत और जल परियोजनाओं को तुरंत पूरा करने की मांग विधायक मनोज मेघवाल ने की।

# विश्वकर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया शुक्रवार रात्रि को मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें लाडनू के राकेश चौहान एंड पार्टी व राजलदेसर हरिओम कत्थक एंड पार्टी के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई जिस पर श्रद्धालु गण नाचने पर मजबूर हो गए शनिवार प्रातः मंदिर परिसर में अभिषेक एवं हवन यज का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य यजमान कालूराम एइन्द्र चंद, सुरेंद्र सुथार थे ।

पंडित सुधांशू पारीक के द्वारा यज्ञ करवाया गया । यज्ञ के बाद मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ विश्वकर्मा महाराज की शोभायात्रा मंदिर परिसर से रवाना हुई जो कस्बे के मुख्य मार्ग होते हुए विश्वकर्मा मंदिर पहुंची शोभा यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र थी एवं कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया साथ ही समाज के व्यक्तियों ने प्रभु नाम का गुणगान किया । पुजारी मंगतराम पांडे ने पूजा अर्चना की । शोभायात्रा में विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन सुथार, विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष सांवरमल सुथार, पिथाराम सुथार, भीमचंद्र सुथार, हम कामगार समाज के अध्यक्ष जयचंद महावर, लालचंद प्रजापत, पवन मारू, शिव भगवान सोनी, रूपचंद सुथार, कालूराम सुथार, मांगीलाल प्रजापत, पूनमचंद सुथार, संतोष कुमार सुथार, हेमराज सुथार, अजीत सुथार, महेश कुमार सुथार, गंगा राम सुथार, कन्हैया लाल धातरी, प्रवीण, सुशील एबलराम सहित अनेकों संख्या में समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# श्याम महोत्सव 2026 की तैयारी बैठक

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** श्याम महोत्सव 2026 की तैयारियां हेतु बैठक का आयोजन श्री श्याम शखा मंडल द्वारा श्याम दरबार नया बास में किया गया। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंडल के सेंटलर रामोतार मंत्री ने बताया कि श्याम महोत्सव की व्यवस्था व जिम्मेदारियां दी गई हैं। बैठक में महेश सोनी, दयाशंकर बजाज, किशन सोनी, रमेश स्वामी, भारत तूनवाल, बजरंग जांगिड़, विष्णु व्यास, संजय सोनी, मनीष शर्मा, श्यामसुंदर सोनी, सिद्धार्थ सोनी, राहुल पारीक, चंद्रप्रकाश जांगिड़, पिंटू सोनी व श्याम शंखी मंडल अध्यक्षा कांता शर्मा उपस्थित रहे।

# फुड डिलीवरी बॉय को सुनसान जगह बुला कर लूटा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में शातिर बदमाशों ने फुड डिलीवरी बॉय को ऑर्डर देने का झांसा देकर सुनसान इलाके में बुलाया और उसके साथ लूटपाट कर फरार हो गए। बदमाश बाइक, मोबाइल फोन और नकदी छीनकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफलूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार करणी विहार गजसिंहपुरा निवासी लोकेश मीणा 26 ऑनलाइन फुड डिलीवरी बॉय है। 29 जनवरी को अल सुबह करीब 3 बजे उसके मोबाइल पर ऑनलाइन डिलीवरी का ऑर्डर आया। कस्टमर बनकर बदमाशों ने उसे मांग्यावास स्थित शिव विहार से पत्रकार कॉलोनी के कासलीवाल रोड पर आने को कहा। लोकेश पार्सल लेकर तय लोकेशन पर पहुंचा तो कॉल करने पर मोबाइल बंद मिला। इसके बाद उसने मैसेज के जरिए संपर्क किया। बदमाशों ने वहीं खड़े रहने और मोबाइल की टॉर्च जलाने को कहा। टॉर्च की रोशनी देखते ही कुछ दूरी पर खड़े बदमाश उसके पास पहुंचे। इसी दौरान एक बदमाश ने बाइक की चाबी निकाल ली और बाइक पर बंधा बैग नीचे गिरा दिया। तभी दूसरा बदमाश हाथ में डंडा लेकर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए लोकेश की जेब से मोबाइल फोन और 1500 रुपए नकद निकाल लिए। इसके बाद दोनों बदमाश उसे जबरन बाइक पर बैठाकर आगे एक सुनसान स्थान पर ले गएए जहां दोस्तों से ऑनलाइन भुगतान मंगवाने का दबाव बनाया। ऑनलाइन पेमेंट नहीं मिलने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। बदमाशों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़ित ने राहगीरों की मदद से थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। लेकिन पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# एयू जयपुर मैराथन में दौड़ते कदमों से सजेगा शहर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर रविवार को एयू जयपुर मैराथन 2026 के साथ फिटनेस और अनुशासन का उत्सव मनाएगा। मैराथन से पूर्व आयोजित दो दिवसीय जीएसएल ड्रीम्स बिब एक्सपो का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें पावर टॉक, पेसर्स मीट, सेलिब्रिटी टॉक शो और तिजारिया जयपुर रनर्स अवॉड्र्स आयोजित किए गए। संस्कृति युवा संस्था व वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से आयोजित एक्सपो में बिब व रेस किट वितरण किया गया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को जन आंदोलन बनाने का प्रयास है। पावर टॉक में पर्वतारोही रीना भाटी, जबकि सेलिब्रिटी टॉक शो में मिलिंद सोमन और रुचि बरतरिया ने धावकों को मोटिवेशन, न्यूट्रिशन और रिकवरी के टिप्स दिए। पेसर्स मीट में रेस स्ट्रैटेजी पर मार्गदर्शन किया गया। 1 फरवरी 2026 को होने वाली मैराथन में 42 किमी, 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 6 किमी ड्रीम रन सहित विभिन्न श्रेणियों में हजारों धावक भाग लेंगे। धावकों की सुविधा व सुरक्षा के लिए रूट मैनेजमेंट के साथ मेडिकलए वाटर, एनर्जी स्टेशन और मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था की गई है।

# दो लग्जरी कारों में जोरदार भिड़ंत

**जयपुर ( नवयत्न )।** अशोक नगर थाना इलाके में शनिवार सुबह दो लग्जरी कारों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसके बाद घटनास्थल पर अफरा.तफरी का माहौल बन गया और लम्बा जाम लग गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को सकुशल कार से बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि दोनो कारों में इतनी जबरदस्त टक्कर हुई की एक कार के पांचों एयरबैग खुल गए और कार चालक की जान बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से साइड में करवा कर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर जांच शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि थाना इलाके में स्थित तिलक मार्ग पर एक किया कार सेंट्रल पार्क की ओर से आ रहीं थी। इसी दौरान भवानी सिंह मार्ग पर बगड़िया भवन की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियों कार किया से आ टक्राई, दोनो वाहनों की टक्कर इतनी जबदस्त थी की किया कार के पांचों एयरबैग खुल गए। जिससे कार चालक तुषार की जान बच गई। वही स्कॉर्पियों सवार तेज बहादुर भी चोटिल होने से बच गया। पुलिस ने दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से थाने लाकर जब्त कर लिया है। पुलिस ने इस मामले एफआईआर दर्ज कर जांच साउथ पुलिस के सुपुर्द कर दी है।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में दर्ज की 71 प्रतिशत बढ़ी शुद्ध लाभ

निसं





**कोलकाता (नवयत्न)।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 53 करोड़ रुपए दर्ज किया। जो पिछले वर्ष की समान तिमाही से 71 प्रतिशत अधिक है। समेकित ईबीआईटीडीए 18 प्रतिशत बढ़कर 312 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी संचालन लागत को तर्कसंगत बनाने, उत्पाद एवं भौगोलिक मिश्रण को अनुकूलित करने तथा संयंत्रों में क्षमता उपयोग सुधारने के लिए अतिरिक्त कदम उठा रही है। सीमेंट डिवीजन का ईबीआईटीडीए मार्जिन 14.8 प्रतिशत रहा। जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 11.9 प्रतिशत से बेहतर है। समग्र सीमेंट उत्पादन लागत वर्षांतराल पर 4 प्रतिशत घटी। समेकित राजस्व वर्षांतराल पर 4 प्रतिशत घटकर 2178 करोड़ रुपए रहा। क्योंकि सीमेंट बिक्री की मात्रा 6 प्रतिशत घटकर 4.23 मिलियन टन रह गई। बाजारों में अनुमानित 4.6 प्रतिशत मूल्य गिरावट के बीच यह हुआ। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने नवंबर 2025 में केंद्र सरकार द्वारा लागू श्रम संहिताओं के अनुमानित प्रभाव के लिए 34 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, जो असाधारण मद के रूप में दर्ज किया गया। मांग अक्टूबर-नवंबर में सुस्त रही लेकिन दिसंबर में बी2बी खंड के नेतृत्व में तेजी से सुधरी, जिससे तिमाही में समग्र वर्षांतराल वृद्धि 7.8 प्रतिशत अनुमानित है। बी2बी या गैर-व्यापारिक खंड में नरम मूल्यों के बीच कंपनी ने बी2सी बाजार में मिश्रित एवं प्रीमियम सीमेंट की बिक्री पर ध्यान केंद्रित करने की अपनी विश्वसनीय रणनीति का पालन किया। दिसंबर तिमाही में मिश्रित सीमेंट की बिक्री कुल बिक्री का 87 प्रतिशत हो गई। जो पिछले वर्ष के 79 प्रतिशत से अधिक है। प्रीमियम सीमेंट की बिक्री, जिसमें फ्लैगशिप ब्रांड परफेक्ट प्लस अग्रणी है, बी2सी खंड में 63 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के 59 प्रतिशत से बेहतर है। व्यापारिक चैनल के माध्यम से बिक्री कुल का 78 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के 68 प्रतिशत से अधिक है। परफेक्ट प्लस की मात्रा में 19 प्रतिशत तथा यूनिक प्लस की 29 प्रतिशत वर्षांतराल वृद्धि हुई। ये दोनों प्रीमियम ब्रांड नौ माह तक मजबूत वृद्धि बनाए रखे तथा लोकप्रिय ब्रांडों से काफी अधिक प्राप्ति दिए। कंपनी को पश्चिम बंगाल एवं महाराष्ट्र में सीमेंट बिक्री मात्रा में वृद्धि मिली। मूल्य कमजोरी के कारण सीमेंट डिवीजन की प्रति टन सकल प्राप्ति 4,754 रुपए पर स्थिर रही लेकिन बेहतर परिचालन दक्षता से प्रति टन ईबीआईटीडीए 23 प्रतिशत बढ़कर 702 रुपए हो गया। बिजली एवं ईंधन लागत तर्कसंगत बनाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई। ईंधन मिश्रण अनुकूलन एवं नवीकरणीय बिजली खपत बढ़ाने से प्रति टन बिजली-ईंधन लागत वर्षांतराल पर 6 प्रतिशत एवं अनुक्रमिक पर 2 प्रतिशत घटी। नवीकरणीय बिजली खपत 26 प्रतिशत से बढ़कर 31 प्रतिशत हो गई। नवीकरणीय बिजली खपत बढ़ाने के लिए दुर्गापुर सीमेंट कारखाने पर बैगास पावर सोर्सिंग समझौता किया गया, जो जनवरी से आपूर्ति शुरू हो गई। बिरला जूट मिल्स पर रूफटॉप सोलर जनवरी से उत्पादन शुरू कर चुका। कंपनी के बोर्ड ने मैहर सीमेंट कारखाने पर 17 मेगावाट विंड-सोलर हाइब्रिड पावर बीईएसएस (बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम) से प्राप्त करने की मंजूरी दी। मुकुटबान सीमेंट कारखाने पर ग्राउंड-माउंटेड सोलर प्लांट का निर्माण शुरू हो गया, जो अगले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में चालू होगा। चौथी तिमाही में सीमेंट मांग सुधार के संकेत हैं जिसमें बुनियादी ढांचा एवं आवास पर बढ़ते व्यय से मूल्यों में हल्की लेकिन स्थिर वृद्धि हो रही। हालांकि बाजार हिस्सेदारी के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा से मूल्य वृद्धि के अवसर सीमित रह सकते हैं।

### जूट डिवीजन

कच्चे जूट की कमी एवं कीमतों में तेज उछाल से जूट डिवीजन को दिसंबर तिमाही में 2.14 करोड़ रुपये का नकदी हानि हुई। प्रति टन जूट लागत वर्षांतराल पर 54 प्रतिशत एवं अनुक्रमिक पर 22 प्रतिशत बढ़ी। जिससे कई मिलें बंद रहीं। बिरला जूट मिल्स में लूम उत्पादन अनुक्रमिक पर 19 प्रतिशत घटा लेकिन रूपांतरण लागत वर्षांतराल पर 6 प्रतिशत घटी। जूट एवं शॉपिंग बैग से तिमाही राजस्व 132 करोड़ रुपये रहा, जो वर्षांतराल पर 31 प्रतिशत बढ़ा। यह घरेलू बिक्री में 33 प्रतिशत एवं निर्यात में 81 प्रतिशत वृद्धि से संभव हुआ। कंपनी दीर्घकालिक अवसरों को ध्यान में रखते हुए मशीनरी उन्नयन से उत्पादन क्षमता बढ़ा रही। मूल्यवर्धित उत्पाद पोर्टफोलियो विस्तार रणनीति के तहत फूड-ग्रेड उत्पादों की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही तथा विभिन्न डिजाइन वाले कपड़ों की क्षमता मजबूत हो रही। निकट भविष्य में कच्चे जूट आपूर्ति मुख्य चुनौती बनी रहेगी क्योंकि बांग्लादेश से आयात प्रतिबंध एवं जूट आयुक्त कार्यालय द्वारा 45 प्लस दिन की इन्वेंटरी सीमा से उपलब्धता कड़ी हो सकती है तथा कीमतें बढ़ सकती हैं।

## गोविंद देवजी मंदिर में गायत्री महायज्ञ आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दो फरवरी से फाल्गुन माह का शुभारंभ हो जाएगा। ढप-चंग की थाप होली की धमाल के स्वर सुनाई देंगे। रंगों और फुलों की होली खेली जाएगी। फाल्गुन माह की पूर्व संध्या पर रविवार, एक फरवरी को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक अभिनंदन फागण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फाल्गुन माह शुरू होते ही आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में होली का उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। ठाकुर जी को प्रतिदिन गुलाल अर्पित होगी। रचना झांकी का क्रम भी प्रारंभ हो जाएगा। रविवार को रंग-बिरंगी गुलाल से श्रद्धालुओं का तिलक किया जाएगा। माघ पूर्णिमा होने के कारण एक फरवरी को श्रद्धालुओं पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम जल से अभिसींचन किया जाएगा। इस मौके पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। नि:शुल्क यज्ञ में कोई भी आहुतियां अर्पित कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को कोई भी सामग्री लाने की आवश्यक्ता नहीं हैं। इस मौके पर शाम पांच बजे गोविंद देवजी मंदिर परिसर में होली का डांडा पूजन किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी सहित अन्य संत-महंतों के सान्निध्य में पूजा-अर्चना की जाएगी। पतंगों और गुलाल से डांडा रोपण स्थल की साज सज्जा की जाएगी।

## भाई सर गुरुजी की द फाइनल स्ट्रोक ने मचाई धूम

मुहम्मद सादिक



**सीकर (नवयत्न)।** शिक्षा नगरी सीकर के चर्चित शिक्षक एवं लेखक एसएन रनवा भाई सर गुरुजी की प्रसिद्ध रसायन विज्ञान पुस्तक द फाइनल स्ट्रोक का आठवां संस्करण जल्द ही विद्यार्थियों के हाथों में होगा। पुस्तक के पहले से प्रकाशित सात संस्करणों को विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षाविदों ने बेहद पसंद किया है, जिसके बाद अब आठवें संस्करण का प्रकाशन जोरों पर है। भाई सर गुरुजी ने बताया कि यह सफलता पूरे सीकरवासियों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों के स्नेह और आशीर्वाद का ही परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सभी का सहयोग इसी तरह बना रहेगा। द फाइनल स्ट्रोक पुस्तक विशेष रूप से कक्षा 12वीं बोर्ड, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक मूल्यवान संसाधन साबित हुई है। पुस्तक की सहायता से कई मेधावी विद्यार्थियों ने अंचल, परिवार और देश का नाम रोशन किया है। यह पुस्तक रसायन विज्ञान को सरल, रुचिकर और अवधारणात्मक रूप से समझाने के लिए जानी जाती है। नवीनतम संस्करण में और भी अधिक अपडेटेड सामग्री, प्रश्नों का भंडार और परीक्षा की बारीकियों पर चर्चा होगी ताकि आने वाले समय में और अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकें।

## विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से दी कानूनी जानकारी



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए सीकर के निर्देशानुसार एवं गीता पाठक, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति ए.डी.जे. श्रीमाधोपुर के निर्देशन में शनिवार को न्यायिक अधिकारीगण एसीजेएम क्रम.1 अनूप कुमार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, डेनिश बिश्नोई द्वारा स्टेप बाई स्टेप इन्टरनेशनल स्कूल, श्रीमाधोपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। न्यायिक अधिकारीगण द्वारा विद्यालय में उपस्थित बच्चों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों, मुख्यत: शिक्षा का अधिकार, पोस एक्ट, मोबाईल के दुष्प्रभाव, सोशल मीडिया के दुरूउपयोग, साइबर काइम, बाल सुधार गृह एवं न्याय आपके द्वार अभियान आदि के बारे पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त शिविर में बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पोस एक्ट, जबरन श्रम, किशोर न्याय अधिनियम, 2015, गरीबी उन्मूलन, कन्या भ्रुण हत्या, बाल श्रम, बालिका शिक्षा, नालसा व रालसा द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। उक्त जागरूकता शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, अधिवक्ता रामकिशन सैनी, तालुका कर्मचारी बुद्विप्रकाश सैनी, अधिकार मित्रगण राकेश कुमार, सुभाष, विद्यालय प्राधानाचार्य महेश कुमार, अन्य विद्यालय स्टाफए विद्यार्थियो सहित लगभग 200 प्रतिभागीगण, पस्थित रहें।

## शिविर में 28 लोग हुए लाभान्वित

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिवस आयोजित 55 वें शिविर में 28 लोगों की शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की नि:शुल्क जांच की गई तथा डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में शिवपाल योगी और महेंद्र शर्मा ने सहयोग दिया । इस अवसर पर सीताराम सैनी, ललित कुमार सैनी और सागरमल सैनी मौजूद रहे।

## इलिशा कालेर ने जीता रजत पदक

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** देहरादून उत्तराखंड में आयोजित तीसरी अखिल भारतीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में अंडर 14 आयु वर्ग में सीकर की इलिशा कालेर ने रजत पदक सीकर का नाम रोशन किया। कोच रामकरण कुड़ी ने बताया कि इलिशा आरके मंत्रा इंस्टीट्यूट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, सीकर में पिछले काफी समय से कड़ी मेहनत कर रही है और आज नेशनल प्रतियोगिता में छात्रा ने खेल में शानदार प्रदर्शन किया। जिसके परिणामस्वरूप आज सिल्वर मेडल जीतकर जिले के साथ ही माता-पिता व एकेडमी का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रमोद कालेर- प्रतिज्ञा माता-पिता, विजयपाल कालेर, विकास कालेर, सत्यपाल भंवरिया, अशोक कालेर, युवन कालेर, जयेश, सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

## अस्पताल को भेंट की एलसीडी

**तारानगर (नवयत्न)।** सोनी परिवार ने दोहिता होने की खुशी में राजकीय उप जिला अस्पताल तारानगर के शिशु वार्ड में एक एलसीडी भेंट की है। सोनी परिवार के मनीष सोनी, पन्नालाल महादे, अर्जुन सोनी ददरेवा ने दोहिता होने की खुशी में राजकीय उप जिला अस्पताल तारानगर के शिशु वार्ड में एक एलसीडी भेंट की। इस मौके पर अस्पताल के पीएमओ डॉ. देवीलाल जोशी, राजेन्द्र सोनी, मांगीलाल, बनवारीलाल आदि मौजूद थे।





## ईडब्लूएस समाज की मांग को लेकर कल सौंपा जाएगा ज्ञापन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग समाज के लोगों ने पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय चुनावों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सोमवार को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग समाज के प्रतिनिधि डॉ कैलाश शर्मा पाटोदा ने बताया कि शनिवार को एक होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जिले भर से आए सैकड़ों ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग समाज के लोगों ने भाग लिया और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा डॉ शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की जाएगी कि अन्य सभी आरक्षित वर्गों के समान ही सामान्य वर्ग के ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को भी पंचायत राज, नगरीय निकाय एवं अन्य स्थानीय चुनावों में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। उन्होंने ईडब्लूएस आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी संभ्रांत लोगों से अपील की है कि वे सोमवार को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय सीकर पहुंचकर इस न्यायसंगत मांग को मजबूती से उठाने में सहयोग दें। बैठक में रामसिंह शेखावत पिपराली, रामप्रसाद मिश्रा, गिरधारी सिंह हिरणा, विक्रमसिंह, गजेंद्र सिंह राजास, बलबीर सिंह चंदपुरा, मनीष काबरा, अनुभव सेठी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आज राजधानी में रहेगी विराट हिंदू सम्मेलन की धूम

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को विभिन्न स्थानों पर विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन होंगे। गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में राजापार्क के श्रीराम मंदिर में एक फरवरी को दोपहर 2 बजे से श्री राम बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के अंतर्गत शोभायात्रा परमानन्द भवन से प्रारंभ होकर राम गलियों के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनरू परमानन्द भवन पहुंचेगी। गलतापीठाधीश्वर स्वामी सम्पत कुमार अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में हनुमान चालीसा पाठ होगा। इसके बाद उनके आशीर्वचन होंगे। महिला मंडली की ओर से भजन होंगे। मातृ शक्ति की ओर से भारत माता की महाआरती की जाएगी। एक फरवरी को ही सुबह दस बजे से श्योपुर रोड स्थित चांदनी गार्डन में माधव बस्ती-श्योपुर, प्रतापनगर का विराट हिंदू सम्मेलन गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगा। हिंदू सम्मेलन के अवसर पर सम्मान समारोह भी होगा। दोपहर 12 बजे से संत आशीर्वचन होंगे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आदर्श नगर स्थित आनन्दपुरी पार्क में 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्राचार्य महाराज होंगे। इससे पूर्व धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से सुबह सवा नौ बजे बीस दुकान स्थित कृष्णा मंदिर से गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति सिर पर कलश लेकर चलेंगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा आनन्दपुरी पार्क पहुंचेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन सैनी ने बताया गया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्र सेवा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजन को सफ्ल बनाने में अंजू शर्मा, विजेता खड़ोलिया, अनिता बैरवा, सविता चौहान एवं रजनी लालवानी सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हिन्दू समाज में जागरण, एकता एवं सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से गोपीनाथ बस्ती की ओर से विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार, एक फरवरी को जयलाल मुंशीजी का रास्ता, चांदपोल बाजार में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा एवं सांस्कृतिक झांकियां प्रात: 11 बजे शिव मंदिर वाल्मीकि समाज, बालानन्दजी का रास्ता से प्रारंभ होंगी। कलश यात्रा चांदपोल हनुमान जी, चांदपोल बाजार, बगरू वालों का रास्ता, गोपीनाथ जी का मंदिर होते हुए प्रेमभायाजी के मंदिर का चौराहा, जयलाल मुंशीजी का रास्ता होते हुए पुनरू चांदपोल बाजार पहुंचेगी। कलश यात्रा में 1100 महिलाएं सहभागी होंगी। यात्रा के समापन के बाद चांदपोल बाजार में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम, हिन्दू समाज की जागृति के लिए प्रेरक उद्बोधन तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें सभ्यता और संस्कृति की यात्रा, संत-महापुरुषों के प्रवचन, विशिष्ट अतिथियों द्वारा बौद्धिक, पंच परिवर्तन विषय पर नाट्य रूपांतरण तथा कवि सम्मेलन सहित विविध कार्यक्रम होंगे। संगठित हिन्दू समाज एवं समर्थ भारत के निर्माण के उद्देश्य से सीकर रोड स्थित कूकर खेड़ा अनाज मंडी में दोपहर सवा बारह बजे विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन संयोजक संतोष कैलाश अग्रवाल ने बताया कि आयोजन हिन्दू एकता, राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना तथा धर्म की रक्षा के संकल्प को सशक्त करने के लिए किया जा रहा है।

सम्मेलन में पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य पर जोर दिया जाएगा।

## विश्वकर्मा शिक्षा समिति द्वारा जयंती कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा





**सीकर (नवयत्न)।** श्री विश्वकर्मा शिक्षा समिति द्वारा कोर्ट के सामने स्थित अपने कार्यालय में शनिवार को भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, युवाओं और मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीविश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष रामेश्वरलाल नागवा ने की जबकि मुख्य अतिथि आर पी जांगिड़, सेवानिवृत्त राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी रहे। विशिष्ट अतिथियों में भोमाराम सिंगनोर, चिरंजीलाल खातीपुरा, राहुल जांगिड़ आरएएस, बलदेव खंडेला, गोपीराम यालसर, पोखरमल बासनी, ओमप्रकाश पिपराली, शंकरलाल सरदारशहर आदि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भगवान श्रीविश्वकर्मा के जीवन, उनके आदर्शों तथा समाज में शिक्षा, कौशल एवं श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। बजरंगलाल मोल्यासी ने स्वागत भाषण दिया तो उपेंद्र शर्मा ने वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने और आने वाले संकटों से अवगत कराया। कृष्ण कुमार बेरी ने विश्वकर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला तथा प्रभातीलाल जांगिड़ ने समाज की दशा और दिशा बदलने पर विस्तृत चर्चा की। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। समिति द्वारा शिक्षा, तकनीकी कौशल एवं समाज की नई पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश दीनवा ने किया। इस अवसर पर नथमल दिनारपुरा, सुखदेव सुठोठ, गिरधारी फागलवा, महेंद्र रानीपुरा, महेंद्र कोटडी, मदनलाल गोकुलपुरा, गोकुल प्रसाद शिशु, आनंदीलाल कोलीडा, ताराचंद सिंगनोर, नेमीचंद पलथाना, फुलचंद, पुरुषोत्तम सीकर, सुभाष रोसावा, गोपाल जेरठी, रामदेव चिराना, सुरेश कुमार मदनी, घीसालाल संतोषपुरा, छोटेलाल सांवलोदा, बांकेबिहारी सीकर सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे। अंत में समिति पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट होकर शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## भाजपा महिला मोर्चा ने की बजट प्रचार अभियान की नियुक्तियां

मुहम्मद सादिक

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा महिला मोर्चा की राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार बजट प्रचार अभियान-2026 एवं श्लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के लिए सीकर जिला इकाई में प्रमुख नियुक्तियां की हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला अध्यक्ष अनिता शर्मा को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है जबकि जिला महामंत्री रमा शेखावत और जिला उपाध्यक्ष शारदा काबरा को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नेतृत्वकर्ता टीम का उद्देश्य सीकर जिले में केन्द्र सरकार के बजट 2026 के प्रचार प्रसार और लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित करना है। नियुक्ति पर भाजपा के सभी स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनिता शर्मा, रमा शेखावत और शारदा काबरा को बधाई दी है। यह टीम जल्द ही जिले में बजट प्रचार अभियान की गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाएगी।

## प्रेक्षक सीताराम लांबा का किया स्वागत

मुहम्मद सादिक



**सीकर (नवयत्न)।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक तथा पूर्व युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा का सीकर की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की टीम ने भव्य स्वागत किया। ब्लॉक कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने उनके निजी निवास पर शिष्टाचार भेंट कर माल्यार्पण के साथ उनका अभिनंदन किया तथा नवनियुक्त पद के लिए हार्दिक बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनौतियों की रणनीति पर गहन चर्चा हुई। लांबा ने संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने, सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और जनहित के मुद्दों पर प्रभावी संघर्ष तेज करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वास्तविक ताकत कार्यकर्ताओं की एकजुटता और आम जनता से सीधे रिश्ते में निहित है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश सैनी, वार्ड पार्षद सुरेश सैनी, ब्लड मोटिवेटर मुकेश हर्ष, पत्रकार सुनील एवं उमेश तंवर सहित कमेटी के कई सदस्य मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने लांबा को उनके नए दायित्व के लिए पुन: शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT SANWALPURA TANWAR**
**PS-AJITGARH (SIKAR)**

No.Eproc/2025-26/15 Date:-30.01.26

**E-Tender Notice No. 04/2025-26**

Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat SANWALPURA TANWAR Panchayat Samiti AJITGARH (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 10.00 AM of 09-02-2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat SANWALPURA TANWAR Office in all working days.

UBN:- PAJ2526GLRC00146

**ADMINISTRATOR** — GRAM PANCHAYAT SANWALPURA TANWAR, PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

**VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER** — GRAM PANCHAYAT SANWALPURA TANWAR, PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190